

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 30 जून 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-093 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 01 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त, 39 लोगों की मौत

**शिमला,30 जून।** हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 129 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून की बाद से राज्य में अब तक 39 की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। टनल के अंदर भी कई गाड़ियां फंस गई हैं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।

### करीना कपूर के बॉलीवुड में 25 साल पूरे

**मुंबई,30 जून।** अभिनेत्री करीना कपूर के आज बॉलीवुड में 25 साल पूरे हो गए हैं। करीना ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'रिफ्यूजी' से बॉलीवुड में एंट्री की थी। आज 25 साल बाद करीना इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो अपने वक्त में



इंडस्ट्री के हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक रही हैं। आज बॉलीवुड में अपने 25 साल पूरे होने पर अब करीना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। बॉलीवुड में करीना कपूर का सफर अब 25 साल का हो चुका है। इस मौके पर करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्पेशल पोस्ट किया है। इस पोस्ट में करीना ने अपनी डेब्यू फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में करीना अपने डेब्यू को-एक्टर अभिषेक बच्चन के साथ नजर आ रही हैं। जबकि कुछ फोटोज में वो अकेले नजर

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका: 10 मजदूरों की मौत

**हैदराबाद,30 जून।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट से 10 मजदूरों की मौत हो गई। अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मल्टी जोन 2 के आईडी वी सत्यनारायण ने बताया, 'घटना में कुल 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें से छह शव घटनास्थल से बरामद हुए जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हुई। इसके अलावा 26 अन्य घायल हैं। एनडीआरएफ,डीआरएफ , एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। साथ ही मलबे में कई लोगों के फंसे होने की खबर है। हादसा



पाशमिलारम स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। अभी विस्फोट की वजह सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक रिएक्टर में अचानक तेजी से केमिकल रिएक्शन होने की वजह से विस्फोट हो सकता है। धमाके से कई मीटर दूर जा गिरे मजदूर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है। मलबे के नीचे कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका है। आग पर काबू पाने के लिए दो फायर रोबोट और डिजास्टर रिस्पॉन्स यूनिट को भी तैनात किया गया है। 65 देशों में एक्सपोर्ट होते हैं कंपनी के प्रोडक्ट सिगाची इंडस्ट्रीज फार्मास्यूटिकल पाउडर बनाती है। यह साल 1989 से माइक्रोक्रिस्टलाइन सेलुलोज बना रही है। यह सफेद रंग का पाउडर होता है। इसमें कोई गंध या स्वाद नहीं होता है।

# 1 जुलाई से बदल जाएंगी कई सेवाओं की शर्तें, आम आदमी की जेब पर बढ़ेगा बोझ

**नई दिल्ली,30 जून।** जुलाई माह की शुरुआत आम लोगों के लिए कई बदलाव लेकर आ रही है. रेलवे टिकट बुकिंग, क्रेडिट कार्ड पेमेंट, ऑनलाइन वॉलेट ट्रांजेक्शन और पैन कार्ड जैसे जरूरी कामों के नियम अब बदल रहे हैं. ये छोटे-छोटे बदलाव आपके बजट पर बड़ा असर डाल सकते हैं. आइए जानते हैं 1 जुलाई 2025 से क्या-क्या बदलाव होने जा रहे हैं.



**तत्काल टिकट बुकिंग-** अब आईआरसीटीसी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप से तत्काल टिकट बुक करते समय यात्रियों को मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा जाएगा. जब तक यात्री उस ओटीपी को सिस्टम में दर्ज नहीं करेगा, तब तक टिकट को कन्फर्म नहीं माना जाएगा.

**रेलवे ने बढ़ाया किराया-**भारतीय रेलवे 1 जुलाई से अपने कुछ टिकटों के दाम बढ़ा दिए हैं. अब नॉन एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में किराया बढ़ाकर 1 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया है. वहीं, एसी क्लास में किराया 2 रुपये प्रति किलोमीटर होगा.

**क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए नए नियम-**सरकारी और निजी बैंकों के कुछ नियम बदलने जा रहे हैं. इस संबंध में, आईसीआईसीआई बैंक ने कुछ लेनदेन पर लगाए जाने वाले शुल्कों के संबंध में अपने सेवा शुल्क में संशोधन किया है. बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम और शर्तों में बदलाव किया है.

**ऑनलाइन गेमिंग और वॉलेट पर नए शुल्क-** एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके ड्रीम 11, एमपीएल और Rummy Culture जैसे गेमिंग ऐप पर हर महीने 10,000 रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं, तो एचडीएफसी बैंक 1 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाएगा. इसी तरह अगर आप किसी थर्ड पार्टी वॉलेट में एक महीने में 10,000 रुपये से ज्यादा लोड करते हैं, तो 1 फीसदी शुल्क लगाया जाएगा.

**यूटिलिटी बिल पर शुल्क-**बैंक यूटिलिटी बिल के लिए भी शुल्क लगाने जा रहे हैं. यूटिलिटी बिल (बिजली, पानी, गैस, आदि) के लिए प्रति माह 50,000 रुपये से अधिक के एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड भुगतान पर 1 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा. 15,000 रुपये से अधिक के फ्यूल लेनदेन पर भी 1 फीसदी शुल्क लागू होगा.

**एटीएम ट्रांजैक्शन पर शुल्क-** आईसीआईसीआई बैंक अपने ग्राहकों से एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क लेगा. किसी दूसरे बैंक के एटीएम का तीन बार से ज्यादा इस्तेमाल करने पर वित्तीय ट्रांजैक्शन के लिए 23 रुपये और गैर-वित्तीय ट्रांजैक्शन के लिए 8.5 रुपये का शुल्क लगेगा.

**पैन कार्ड आवेदन के लिए अब आधार अनिवार्य-**अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है और आपको इसके लिए आवेदन करना है, तो अब आधार कार्ड अनिवार्य होगा. सीबीडीटी ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से नए पैन कार्ड के लिए आधार कार्ड की जरूरत होगी.

**पुराने डीजल वाहनों को फ्यूल नहीं मिलेगा-**1 जुलाई 2025 से दिल्ली के पेट्रोल पंप 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों को फ्यूल नहीं बेचेंगे.

**जीएसटी रिटर्न दाखिल में बदलाव-** जुलाई 2025 से जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के नियम बदल रहे हैं, जिसका असर करदाताओं के सभी वर्गों पर पड़ेगा.

हर महीने की पहली तारीख को देश की जनता की नजर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की ओर से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में किए जाने वाले बदलावों पर रहती है, 14 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें लंबे समय से यथावत है. ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इनके दाम में बदलाव देखने को मिल सकता है.

# महाराष्ट्र में हिंदी की अनिवार्यता रद्द

**मुंबई,30 जून।** सोमवार से शुरू होने वाले महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विवादास्पद त्रिभाषा नीति पर 16 अप्रैल और 17 जून को जारी सरकारी संकल्पों (जीआर) को रद्द कर दिया, जिसमें प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल किया गया। पहले जीआर में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाया गया था, जबकि दूसरे में इसे वैकल्पिक बनाया गया था। सीएम ने प्राथमिक वर्गों में त्रिभाषा नीति पर फिर से विचार करने के लिए डॉ. नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति के गठन की भी घोषणा की। रविवार को सीएम की घोषणा शिवसेना यूबीटी के राज्यव्यापी आंदोलन के साथ



हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालय स्तर पर हिंदी को "थोपने" के विरोध में विवादास्पद जीआर की प्रतियां जलाईं। कैबिनेट बैठक के बाद सहयाद्री गेस्ट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा, "हमने कैबिनेट में तीन-भाषा नीति पर विस्तार से चर्चा की और 16 अप्रैल और 17 जून, 2025 को जारी किए गए जीआर को रद्द करने का फैसला किया। डॉ. नरेंद्र जाधव के नेतृत्व में एक समिति बनाई जाएगी जो यह निर्धारित करेगी कि किस कक्षा से तीन-भाषा नीति को लागू किया जाना चाहिए, कार्यान्वयन कैसे होना चाहिए और छात्रों को क्या विकल्प दिए जाने चाहिएङ्क इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर, राज्य सरकार अंतिम निर्णय लेगी।"उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ मौजूद फडणवीस ने कहा, "हमारी सरकार ने हमेशा मराठी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है.

### झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीतिः संजय राउत

**मुंबई,30 जून।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा तीन-भाषा नीति पर माशेलकर समिति की रिपोर्ट स्वीकार करने के झूठे दावे करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। मीडिया को संबोधित करते हुए, राउत ने कहा कि झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ठाकरे ने माशेलकर समिति की रिपोर्ट पेश की थी, तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए था।राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि झूठ बोलना भाजपा की राष्ट्रीय नीति है।

# सेना ने पाकिस्तानी गाइड को पकड़ा

**नई दिल्ली,30 जून।** बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल उनसे कई एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। जिन परिस्थितियों में उन्होंने



जानबूझकर या दबाव में सीमा पार की, उनकी बारीकी से जांच की जा रही है। राजौरी में एलओसी क्षेत्र, विशेष रूप से मंजाकोट के आसपास, घुसपैठ के प्रयासों और संघर्ष विराम उल्लंघन के इतिहास के कारण रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र बना हुआ है। हालांकि अभी तक आतंकी समूहों से कोई सीधा संबंध स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों ने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि व्यक्ति को पाकिस्तान स्थित समूहों द्वारा कूरियर या स्काउट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा। मोहम्मद अरीब अहमद के रूप में पहचाने गए घुसपैठिए को संदिग्ध परिस्थितियों में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते समय रोका गया, जिसके बाद संवेदनशील सीमा क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया।



**रायपुर, 30 जून.**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की।

# बद्रीनाथ हाईवे पर गिरा मलबा

**बद्रीनाथ।** बद्रीनाथ हाईवे गौचर तलधारी के पास पहाड़ी से मलबा आने से बंद हो गया है। सुबह पहाड़ी से भारी मलबा और बोल्डर हाईवे पर गिरे। इस दौरान वहां से गुजरने वाले लोग बाल-बाल बचे। कर्णप्रयाग नेनीसैंण मोटर मार्ग आईटीआई से लगभग 500 मीटर आगे पहाड़ी से चट्टान टूटी। सड़क बन्द होने से कपीरीपट्टी के लोगों को डिम्मर सिमली होते हुए कर्णप्रयाग पहुंचना पड़ेगा। उत्तराखंड में भारी बारिश का सिलसिला आज भी जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत नौ जिलों के लिए भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, अन्य जिलों में भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल,



चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बहुत भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। इनके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# एक ही परिवार के तीन लोगों ने खाया जहर

**लखनऊ,30जून।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सामूहिक आत्महत्या का एक मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ जहर खा कर आत्महत्या कर ली। तीनों के शव उनके ही घर में संदिग्ध हालत में पड़े हुए मिले हैं। शांत और सामान्य परिवार के आत्महत्या कर लेने से पूरे इलाके में शोक की लहर है। इधर पुलिस ने भी हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच शुरु कर दी है। यह पूरी घटना चौक थाना क्षेत्र स्थित अशरफाबाद इलाके का है। जहां रविवार देर शाम एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव उनके ही घर में संदिग्ध हालत में पड़े हुए मिले। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव को अलग-अलग कमरे से बरामद किया। इसके बाद फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड टीम को भी मौके पर बुलाया गया।फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉड की टीम ने जब जांच शुरु की तो कमरे में जहर की एक शीशी बरामद की गई। जिसको देखते हुए शुरुआती जांच में सामूहिक आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक शोभित रस्तोगी (42) अपनी पत्नी सुचिता (38) और बेटी प्रीती (16) के साथ अशरफाबाद इलाके में रहता था। मृतक शोभित रस्तोगी पेशे से दुकानदार था, उसकी पत्नी गृहिणी थी और बेटी कक्षा 11वीं की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि परिवार शांत स्वभाव का था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से आर्थिक समस्याओं से जुझ रहा था। उनके पड़ोसियों ने बताया कि शोभित हमेशा आर्थिक समस्या की बात किया करता था। बताया ये भी जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था। रविवार दोपहर से घर में कोई हलचल नहीं हो रही थी, शाम को शक के आधार पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद चौक थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे तो परिवार के तीनों सदस्यों के शव अगल-अलग कमरे में पड़े मिले।

# ईरान के धर्मगुरु का ट्रम्प और नेतन्याहू के खिलाफ फतवा

**तेहरान,30 जून।** ईरान के सबसे सीनियर शिया धर्मगुरु ग्रैंड अयातुल्ला नासिर मकारिम शिराजी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक धार्मिक फतवा जारी किया है। उन्होंने इन दोनों नेताओं को अल्लाह का दुश्मन बताया है। साथ ही दुनिया भर के मुसलमानों से कहा है कि वे एकजुट होकर इन नेताओं को ईरान पर हमले के लिए पछताने के लिए मजबूर करें। जो कोई भी ईरान के सर्वोच्च नेता या किसी मरजा को नुकसान पहुंचाने या धमकाने की कोशिश करता है, वह मोहरिब यानी जंग को पसंद करने वाला अपराधी होगा। फतवा इस्लामी कानून की व्याख्या होती है। इसे मरजा की तरफ से जारी किया जाता है। मरजा बारह इमामी शिया मुसलमानों के सबसे ऊंचे धार्मिक पद को कहा जाता है। ईरान ने इजराइल के साथ युद्धविराम पर शक जताया। ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ अब्दोलरहीम मूसवी ने रविवार को सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से फोन पर बातचीत में कहा- हमें दुश्मन (इजराइल) के साथ युद्धविराम पर शक है।

# पाकिस्तान को फिर औकात दिखाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली,30 जून।** भारत एक बार फिर पाकिस्तान को औकात दिखाने की तैयारी में है। जुलाई में मिलने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएसी) की अध्यक्षता के बाद पाकिस्तान विक्टिम कार्ड खेलने की मंशा पाले हुए है। वहीं, भारत पाकिस्तान के अरमानों पर पानी फेरने की तैयारी में है। आशंका है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मिलते ही पाकिस्तान अपने पैंतरे दिखाने शुरू कर देगा। वह भारत को लेकर गलत नैरेटिव्स भी फैला सकता है। इसके अलावा वह अपने लिए वैश्विक स्तर पर सहानुभूति जुटाने की भी कोशिश करेगा। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए जुलाई का महीना काफी अहम होने वाला है। एक तरफ भारत अपनी बढ़ती आर्थिक ताकत को दिखाने की तैयारी में है। वह भारत में बढ़ते निवेश के उपक्रमों के बारे में भी जानकारी देगा। साथ ही भारत आतंकवाद से हो रही समस्याओं पर भी अपने विचार रखेगा।



**भारत गिनाएगा आतंकवाद से नुकसान-** पाकिस्तान कश्मीर पर भी नैरेटिव बनाने की कोशिश करेगा। ईटी के मुताबिक प्रेसीडेंसी के दौरान पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने ढंग से पेश करने की तैयारी में है। इसके अलावा जुलाई में वह इस्लामी सहयोग संगठन बैठक भी आयोजित करेगा। वहीं, दूसरी तरफ भारत अपनी आर्थिक सफलता पर ध्यान केंद्रित करेगा। वह आतंकवाद के चलते इंसानों को क्या कीमत चुकानी पड़ रही है, इस विषय पर एक फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित करेगा।

# 2 देशों का भारतीय सेना पर होश उड़ाने वाला खुलासा !

**नई दिल्ली,30 जून।** भारतीय सेना की ताकत और युद्ध लड़ने की क्षमता पर दो देशों की तरफ से बहुत बड़ा बयान आया है। इन दो देशों ने भारतीय सेना पर बहुत बड़ा खुलासा कर दिया है। एक देश ने तो कहा है कि हमें भारतीय सेना ने सीखना चाहिए कि युद्ध कैसे लड़ा जाता है। वहीं दूसरे देश का कहना है कि भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास उदाहरण है। ये दोनों बड़े बयान भारत के लिए बहुत बड़े सम्मान और गर्व की बात हैं। लेकिन पाकिस्तान, चीन और तुर्किए जैसे देश ये बयान सुनकर अपना मुंह छुपा लेंगे। भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर पर जिन दो देशों ने बयान दिया है, उनमें से पहला थाईलैंड और दूसरा यूरोपीय देश ग्रीस है।

**आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास है ऑपरेशन सिंदूर-**थाईलैंड की वायु सेना ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर को आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास बताया है। उन्होंने कहा कि जो भारतीय वायु सेना ने किया वो केवल युद्ध नहीं बल्कि एक रणनीतिक क्रांति थी। पाकिस्तान हिल गया, थर्रा उठा और थाईलैंड तालियां बजा रहा है। रॉयल थाई फोर्स ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक युद्ध का मास्टरक्लास लग रहा है। थाईलैंड के वायुसेना मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय क्रॉन्फेंस हुई जहां आरटीएफ के डिप्टी एयर चीफ सोमई लिलिथम ने खुल कर



भारत की तारीफ की है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने कैसे एक साथ नौ आतंकी ठिकानों और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को गहराई में जाकर तबाह किया और वो भी बिना एक भी पायलट को खोए हुए। थाईलैंड ने माना कि भारत ने मल्टीलेयर एयर डिफेंस, साईबर ऑपरेशन और डीप स्ट्राइक रणीनीति का ऐसा संगम दिखाया है, जो दुनिया में विरले ही देखने को मिलता है।

**भारत से युद्ध लड़ने की कला सीखने की जरूरत-**इजरायल और ईरान युद्ध ने तुर्किए के सबसे बड़े दुश्मन ग्रीस को टेंशन में डाल दिया है। यहां सबसे बड़ी बात ये है कि तुर्किए, ग्रीस और भारत दोनों का दुश्मन है। ग्रीस के एक्सपर्ट्स एक ग्रीस की सरकार ये सोचती है कि भविष्य में उसे किसी युद्ध में फंसना नहीं है पड़ेगा तो वो ग्रीस की सरकार का भोलापन है। ग्रीस के एक बड़े अखबार ग्रीस सिटी टाइम्स ने कहा है कि उसके देश को भारत से आधुनिक युद्ध की कला सीखने की जरूरत है। इस अखबार ने लिखा है कि तुर्किए जैसा देश पहले भी विस्तारवाद की रणनीति अपना चुका है। तुर्किए ग्रीस के कई आईलैंड पर अपना दावा ठोकता है। तुर्किए ने साइप्रस के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है।

# कश्मीर के बाद अब मिजोरम में गूँजेगी रेल की सीटी

**नई दिल्ली,30 जून।** मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय रेल उन स्थलों तक भी पहुँची है जहां रेलवे का सपना तो बहुत पहले देखा गया लेकिन उसे पूरा करने की दिशा में पहले की सरकारों ने कोई बड़े कदम नहीं उठाये थे। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पुल का उद्घाटन किया था जिससे कश्मीर घाटी का राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ने का सपना पूरा हुआ। अब सुदूर पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए निर्धारित 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेल लाइन भौगोलिक और साजोसामान से जुड़ी चुनौतियों को पार करते हुए बन कर तैयार हो चुकी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के एक अधिकारी ने कहा है, "रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएसआर) की मंजूरी के साथ यह लाइन तैयार है और बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे।

## एक नजर

### ब्लैकमेल करने के आरोप में जीजा गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जून।** एक युवक का वीडियो और मैसेज वायरल करने के नाम पर डरा धमकाकर करीब दो लाख रुपए वसूलने वाले आरोपी जीजा को नंदिनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं फरार साली की पुलिस तलाश कर रही है नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया प्रार्थी थाना नंदिनी ने लिखित आवेदन पेश किया कि वर्ष 2009.2010 में सिद्धार्थ नगर कोसानाला निवासी दामिनी सोनी से प्रार्थी की पहचान हुई थी वे आपस में बातचीत करते थे वर्ष 2013.2014 में दामिनी सोनी का विवाह हो गया था वर्ष 2021 में दामिनी ने फेसबुक में प्रार्थी जितेन्द्र कुमार साहू को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा था फिर मैसेज में आरोपी दामिनी सोनी ने प्रार्थी का मोबाइल नंबर मांगा व मोबाइल फोन व वाट्सअप से बातचीत करने लगे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने आलगी इसी दौरान दामिनी ने दोनों के बीच हुए बातचीत व मैसेजध्चैटिंगए कॉल रिकार्ड आदि को अपने मोबाइल में रखकर प्रार्थी द्वारा बात नहीं मानने पर गाली गलौज करती और धमकाती मैसेज ध् चैटिंगए कॉल रिकार्ड तथा वीडियो रिकार्ड सभी रिश्तेदार व पब्लिक में वायरल करने की धमकी एवं अलग से घर और हर महीने आधा पेमेंट मांगने लगीए जिससे प्रार्थी परेशान होकर दामिनी सोनी से मिलना जुलना और बातचीत बंद कर दिया था। दामिनी सोनी और उसका जीजा चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम प्रार्थी को धमकी देकर डरा धमकाकर करीब 2 लाख रुपए ले चुके थे। फिर भी दामिनी सोनी और चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम बार.बार वीडियो वायरल करने उसे बर्बाद करने व देख लेने की धमकी देकर पैसों की मांग करते थे 7 सितंबर 2024 की शाम 7 बजे दामिनी सोनी अपने जीजा चिंटू उर्फ मोहम्मद असलम के साथ प्रार्थी के घर ग्राम पथरिया आकर पैसे की मांग कर जान से मारने की धमकी देने लगे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर नंदिनी पुलिस मामले में धारा 3082 ए 3.5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया विवेचना के दौरान रविवार को नंदिनी पुलिस ने आरोपी चिंटू उर्फ असलम 25 वर्ष निवासी वृन्दा नगर थाना वैशाली नगर को गिरफ्तार किया गया है वहीं प्रकरण की आरोपी दामिनी सोनी घटना के बाद से फरार है इसकी पुलिस तलाश कर रही है

### नशीली दवा का आर्डर देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 30 जून।** भिलाई मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का आर्डर देने वाले आरोपी को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है इसके पूर्व चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है आरोपी से मोबाइल, आधार कार्ड, बिजनेस कार्ड एवं नगदी रकम को पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 8,22 (क), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है उतई टीआई शिव चंद्रा ने बताया कि पूर्व में 22 मई को मुखबिर से सूचना के आधार पर सेलूद पाटन रोड रजिया दुकान के पास दो व्यक्तियों द्वारा प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री करने की सूचना पर मौके पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर कृष्णा यादव, अजय यादव, मनोज डोंगरे, गोवर्धन लाल सिंह के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं कैप्सूल को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी क्रम में प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी नेतराम साहू जो एमआर फील्ड में सेल्स का काम करता है आरोपी नेतराम साहू (29 साल ) निवासी ग्राम झरिया थाना चुन्नू जिला बेमेतरा हाल पता रावतपुरा कॉलोनी फेस 2 मठपुरैना थाना टिकरापारा जिला रायपुर की तलाश कर आरोपी के कब्जे से मोबाइल, आधार कार्ड, बिजनेस कार्ड एवं 2 हजार रुपए नगद जब्त कर गिरफ्तार किया है।



### बाइक सवार ने युवक को चाकू मारा

**भिलाई, 30 जून।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत बाइक से इंदिरापारा मेन रोड से घर लौट रहे युवक पर बाइक सवार चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 118(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि शांति नगर भिलाई -3 निवासी अजय कुमार वर्मा (65 साल) विद्युत विभाग से सेवानिवृत हुआ है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह परिवार में पत्नी और एक बेटा नीरज वर्मा उर्फ बिट्टू है। 27 जून की रात करीब 9.15 बजे उसके परिचित राहुल कॉल कर बताया कि बिट्टू को बाइक सवार दो लड़के इंदिरापारा रोड में चाकू मारकर भाग गए। इसकी वजह से बिट्टू के दाहिने कमर के पास पेट में चोट लगा है। इसके चलते उसे उपचार के लिए जामुल स्थित सन साइन हॉस्पिटल लाया गया है घटना की जानकारी मिलने पर तुरन्त अपनी पत्नी के साथ सन साइन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां से बेहतर उपचार के लिए बेटे को बीएम. शाह हॉस्पिटल में लाकर भर्ती कराया।

### संविदा पद पर भर्ती आवेदन 7 जुलाई तक

**मोहला ।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ों में लेखापाल संविदा पर भर्ती हेतु 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला कलेक्टर कार्यालय के वेबसाइट https//mohlamanpuramba-garchchowki.govt.in का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता वाणिज्य विषय में स्नातक एवं कंप्यूटर से संबंधित वांछित योग्यता निर्धारित किया गया है।

# लोकतंत्र और संविधान पर मंडरा रहा गहरा संकट: भूपेश बघेल



भिलाई, 30 जून । कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में भूपेश बघेल ने कहा कि आज देश के लोकतंत्र और संविधान पर गहरा संकट मंडरा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़े हों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश की जा रही है, जिसे जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि यह सभा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की आत्मा की रक्षा के लिए जन-जागरण का एक अभियान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान हम सबके अधिकारों का रक्षक है और हम सबका कर्तव्य है कि हम इसकी रक्षा करें। सभा के अंत में संविधान शपथ का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने लोकतंत्र, समानता, और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने की शपथ ली।

## इंदौरी नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास पर है फोकस:सीताराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 जून।** बीजेपी वरिष्ठ नेता सीताराम साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महंगी लाल मांडले ने बताया की इंदौरी नगर पंचायत में वार्डो की स्वच्छता पर प्रमुखता से ध्यान दिया जा रहा है । हाई मास्क लाइट लगाए गए है और खंभों में लाइट लगाए गए है । पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति लगाई गई है । शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से हितग्राहियों तक पहुंच रही है। पंडरिया विधायक भावना के मार्गदर्शन में इंदौरी नगर पंचायत में सर्वांगीण विकास जारी है । पंडरिया विधायक भावना बोहरा से अपेक्षा है की इंदौरी नगर पंचायत में कालेज और थाना खुले यह हमारी अपेक्षा है ।

## समोदा नगर पंचायत ने किया शराब दुकान खोलने का विरोध

**रायपुर ।** विधानसभा क्षेत्र आरंग में खुलने जा रहे 5 शराब दूकानों में से एक और शराब दुकान के विरोध में ग्रामीण उठ खड़े हुये हैं । खौली में धरना - प्रदर्शन जारी है तो? पलौद में ग्राम सभा व पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया जा चुका है । पूर्ववर्ती शासनकाल में नवगठित नगर पंचायत समोदा ने ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये अपने क्षेत्र में शराब दूकान न खोलने की मांग को ले जिलाधीश को बीते दिनों ज्ञापन सौंपा है । नगर पंचायत के प्रतिनिधियों पर ग्रामीणों का दबाव इतना रहा कि वे दलीय राजनीति से ऊपर उठ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने विवश हो गये । समोदा में शराब दूकान खोलने से 3 किलोमीटर के दायरे में 3 शराब दूकान हो जावेगा । ज्ञातव्य हो कि नगर पंचायत समोदा में भाजपा के निर्वाचित अध्यक्ष को छोड़ निर्वाचित 15 पार्षद हैं जिनमें से 7 भाजपा के , 6 कांग्रेस के व 2 निर्दलीय हैं । अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भाजपा के हैं । शासन द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में शराब दूकान खोले जाने का समाचार मिलते ही ग्रामीणों में व्याप्त आक्रोश को देखते हुये नगर पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय ले जिलाधीश को ज्ञापन सौंप

## आयरन ओर फाइंस बंकर-4 का कैपिटल रिपेयर कार्य पूर्ण

**भिलाई, 30 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 स्थित सिंटर मशीन-2 के आयरन ओर फाइंस बंकर-4 का कैपिटल रिपेयर कार्य पूर्ण कर 28 जून को कमीशन कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में सिंटर मशीन-2 के कमीशन के बाद यह पहला कैपिटल रिपेयर कार्य है जो बंकर संख्या-4 के लिए किया गया। यह कैपिटल रिपेयर कार्य 23 जनवरी को प्रारंभ हुआ था तथा 20 जून को किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के बिना सफलता के साथ पूर्ण किया गया। इस नव-नवीनीकृत बंकर का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक



प्रभारी अनूप कुमार दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक हरीश कुमार सचदेव तथा मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज की उपस्थिति में 28 जून को किया गया। यह बंकर एक विशाल संरचना है जिसकी व्यास 7.4 मीटर है। इसकी बेलनाकार संरचना की ऊँचाई 12.05 मीटर तथा कोनिकल भाग की ऊँचाई 10.05 मीटर है। इस संरचना का यांत्रिक स्तर पर वृहद पुनर्निर्माण किया गया। यह कार्य महाप्रबंधक आई.वी. रामन्ना तथा महाप्रबंधक वर्गीज जॉन के नेतृत्व में सेंट्रल रिपेयर एंड मेंटेनेंस टीम द्वारा संपन्न किया गया। कैपिटल रिपेयर हेतु आवश्यक बड़ी मात्रा में स्ट्रक्चरल प्लेट्स को संयंत्र के स्टील एंड स्ट्रक्चरल शॉप में महाप्रबंधक प्रभारी जितेन्द्र मोटवानी के पर्यवेक्षण में रोल किया गया। इसके क्रियान्वयन कार्य का नेतृत्व महाप्रबंधक आर.डी. शर्मा, उप महाप्रबंधक एम.यू. राव तथा सहायक महाप्रबंधक ए.के. चौरे द्वारा किया गया। इस नवाचार का मार्गदर्शन वरिष्ठ प्रबंधक ओम नम~ शर्मा, सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी, वरिष्ठ प्रबंधक विपिन मौर्य, वरिष्ठ प्रबंधक जीतश शाहनी, वरिष्ठ प्रबंधक अरूणेश शर्मा तथा सहायक प्रबंधक अजीत कुमार साहू द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ के पावर लिफ्टरों ने पास की राष्ट्रीय रेफरी परीक्षा






**भिलाई, 30 जून।** पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा वर्ष 2024 अगस्त में कलकत्ता में आयोजित राष्ट्रीय निर्णायक की परीक्षा में छत्तीसगढ़ के पावर लिफ्टर बीएम ठाकुर, पतंजलि झा, राजकुमार पांडे एवं अजयदीप सारंग सफल हुए । उल्लेखनीय है कि दावणगेरे में 22 से 30 जून तक चल रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायकों की परीक्षा परिणाम घोषित किये गए । राष्ट्रीय स्तर पर देशभर के कुल 18 निर्णायकों में छत्तीसगढ़ से बीएम ठाकुर (बीएसपी) को 91 अंक, पतंजलि झा (दुर्ग जिला) को 85 अंक, राजकुमार पांडे (बिलासपुर) एवं अजयदीप सारंग (रायपुर) को अंक प्राप्त हुए हैं । पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव कृष्णा साहू को उपरोक्त निर्णायकों का राष्ट्रीय निर्णायक वर्ग-2, का पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया ।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से वनांचल रोशन हो रहा

**मोहला 30 जून ।** वनांचल क्षेत्र के लिए बिजली से घर रोशन होना एक चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया आज जहां बिजली से जगमगा रही है, वहीं वनांचल क्षेत्र के लिए बिजली से घर रोशन होना एक सपने जैसा प्रतीत होता है।

## युक्तियुक्तकरण के बाद भी जिले के अनेक स्कूलों में शिक्षकों की कमी: चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शसन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को पूरी तरह विफल तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण करने की दिशा में एक सोची-समझी भाजपाई नीति का हिस्सा बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद पूरे प्रदेश के जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों ने शासन के आदेश पर यह दावा किया था कि अब किसी भी स्कूल में शिक्षकों की कमी तथा शिक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। यदि, ऐसा है तो महासमुंद जिले सहित प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से शिक्षकों की कमी, शिक्षकों द्वारा पदभार ग्रहण नहीं करना तथा कहीं-कहीं विषय विशेष शिक्षकों की कमी संबंधी जो खबरे आ रही है, उससे सरकार के सभी दावे खोखले साबित होते दिख रहा है। चंद्राकर ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता के लिए आत्मानंद स्कूल खोले और शिक्षकों की भर्ती की। लेकिन, सरकार बदलते ही शिक्षा विरोधी भाजपा की सरकार ने विद्यालयों से शिक्षकों को हटाकर सीधा-सीधा उन गरीब परिवार के बच्चों के शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर दिया है, जो अपनी शिक्षा के लिए शासकीय विद्यालयों पर निर्भर रहते हैं। आज युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षकों की कमी का दंश महासमुंद जिला झेलने को मजबूर नजर आ जिसका सीधा प्रभाव महासमुंद जिला के शिक्षा व्यवस्था पर पड़ना तय है। आज आलम यह है कि कई स्कूलों में एकल शिक्षक प्रणाली है तो कई स्कूलों में विषय विशेष के शिक्षक नहीं है। ताजा उदाहरण झारा स्कूल का सामने आया है, यहां भूगोल, हिन्दी, जीव विज्ञान आदि के शिक्षक ही नहीं है। इसके अलावा यहां गैर शिक्षकीय स्टाफ की भी समस्या बनी हुई है, भृत्य, स्वीपर के अभाव में बच्चों को ही पढ़ाई छोड़कर स्कूल की सफाई आदि कार्यों को करना पड़ता है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक



**कवर्धा,30 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केंद्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी,नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



### ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण संघ की बैठक में सामाजिक भवन पर हुई चर्चा

**भिलाई, 30 जून।** ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी एवं भिलाई दुर्ग की मासिक बैठक रविवार को स्मृति नगर में रखी गई, जिसमें समाज के पंजीयन लिए विष्णु शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया गया और समाज के भवन जमीन के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण संघ के प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट, श्रीमती आभा भट्ट, विष्णु शर्मा डोंगरगढ़, सुमित कुमार, रत्नेश भट्ट, दानेश्वर भट्ट, अनिल शर्मा पावर हाउस, अमरेंद्र शर्मा भिलाई, अशोक शर्मा स्मृति नगर भिलाई, राजेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष रायपुर, नितिन शर्मा प्रांतीय महामंत्री, अमित शर्मा अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रायपुर, हेमलाल भट्ट रायपुर, अनिल शर्मा मॉडल टाउन, मनोज शर्मा हाउसिंग बोर्ड भिलाई, संजय शर्मा नगर निगम भिलाई, संजय शर्मा ब्रह्म भट्ट दुर्ग उपस्थित रहे।

## सड़क की बदहाली से ग्रामीणों में आक्रोश नेशनल हाईवे पर किया चक्का जाम

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पीथमपुर और जर्वे रोड की बदहाल हालत को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश आज फूट पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर पीथमपुर ओवर ब्रिज के पास चक्का जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि 6 माह पहले भी उन्होंने जर्वे में चक्का जाम कर आंदोलन किया था। उस समय अधिकारियों ने गर्मी में सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक सड़क की मरम्मत तक नहीं हुई। अब अधिकारियों के लगातार टाल-मटोल और अनदेखी से नाराज़ होकर ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे को जाम कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक सड़क निर्माण की स्पष्ट तिथि और लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक चक्का जाम समाप्त नहीं किया जाएगा।

## खौली में शराब दुकान के विरोध में चौथे दिन महिलाओं ने धरना दिया

**रायपुर,30 जून ।** ग्राम खौली में खुलने जा रहे शराब दूकान के विरुद्ध जारी धरना चौथे दिन शनिवार को महिलाओं के नाम रहा । ग्राम खौली के महिलाओं सहित आसपास के ग्रामों के महिलाओं ने इसमें शिरकत की और शासन - प्रशासन को समय रहते चेत जाने का आग्रह किया । इधर ग्राम पलौद में भी ग्रामीण सभा व पंचायत की आहूत बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया है व? इस संबंध में वे कल क्षेत्रीय सांसद व विधायक से मुलाकात करेंगे । ज्ञातव्य हो कि रायपुर जिले में शासन ने 7 शराब दूकान खोलने का निर्णय ले चयनित ग्रामों के इच्छुक ग्रामीणों से जगह मुहैया कराने आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित की है । इन 7 में से 5 दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र में खुलने जा रहा है जिसमें खौली व पलौद भी शामिल है । शराब दूकान खुलने के सुगबुगाहट के समय से ही खौली वासी इसके विरोध में उतर आये थे। और एकदिनी धरना - प्रदर्शन करने के साथ - साथ शासन - प्रशासन सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित पूर्व में विधानसभा व संसद में इस ग्राम को भी प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण कराया था व कथित आश्वासन मिलने के बाद धरना - प्रदर्शन को स्थगित कर दिया था पर प्रशासन की खौली में शराब दूकान खोलने की हठधर्मिता व इस हेतु जगह मुहैया कराने निविदा आमंत्रित किये जाने से खौली के ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर उभर आया है और वे बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं जिसे की भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है । आज शुक्रवार को खौली में आहूत ग्रामीणों की बैठक में एक बार फिर किसी भी कीमत में शराब दूकान न खुलने देने का संकल्प दुहराया गया व जगह मुहैया न कराने ताकीद करने के साथ - साथ ग्रामीण फरमान का अवहेलना करने वाले पर ग्रामीण व्यवस्था के तहत कार्यवाही झेलने तैयार रहने के प्रति आगाह किया गया व निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई के ठीक एक दिन पूर्व ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया ।

# आईजी ने वनांचल में संचालित स्कूल के बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 30 जून।** राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभिषेक शांडिल्य (आईपीएस) ने कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) के साथ जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने थाना चिल्फी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोककरखार के आश्रित ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचकर कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित अस्थायी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। यह स्कूल विशेष रूप से बैगा जनजाति के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रारंभ किया गया है, जहां नियमित रूप से बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री (कॉपियां, पुस्तकें, पेन-पेंसिल, रंग सामग्री, स्कूल बैग आदि) वितरित की। बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास का भाव साफ दिखाई दिया। ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचने पर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार पुलिस महानिरीक्षक का आत्मीय स्वागत किया। बैगा समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें 'पारंपरिक पागा' पहनाया और 'बिरन माला' भेंट कर सम्मानित किया। यह दौरा सामाजिक सरोकारों, शिक्षा और ग्रामीणों से आत्मीय संवाद के उद्देश्य से किया गया, जिसमें पुलिस और आमजन के बीच भरोसे की नई बुनियाद रखी गई। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभिषेक शांडिल्य (आईपीएस) ने



केवल ग्रामीणों से आत्मीय बातचीत की, बल्कि पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' भी बजाकर आदिवासी संस्कृति के प्रति अपना आदर प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का मूल उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक विश्वास, सुरक्षा और विकास के संदेश को पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। वनांचल के ये बच्चे आने वाले समय में समाज का भविष्य हैं, और इन्हें शिक्षित कर मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कबीरधाम पुलिस द्वारा जिस लगन और संवेदनशीलता से इस क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, वह पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने तेंदुपड़ाव प्रवास के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय से क्षेत्रीय विकास की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया।कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) ने कहा कि पुलिस विभाग केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि हम सामाजिक विकास में भी योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं। सुदूर अंचलों में शिक्षा की रोशनी फैलाना हमारी प्रमुख पहल है। वनांचल में नशामुक्ति, बाल विवाह रोकथाम और शिक्षा जैसे विषयों पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी श्री संजय ध्रुव, श्री अखिलेश कौशिक, श्री भूपत सिंह, श्री आशीष शुक्ला, चिल्फी थाना प्रभारी श्री उमाशंकर राठौर, सरपंच श्री मंगतू बैगा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। यह दौरा न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे पुलिस और ग्रामीणों के बीच सौहार्द, सहयोग और विश्वास का सेतु और अधिक मजबूत हुआ।

एक नजर

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही



**बलौदाबाजार, 30 जून।** बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं। सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 28.06.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है।

## 9 तहसीलदारों का तबादला

रायपुर, 30 जून। राजधानी रायपुर और जिले में पदस्थ 9 तहसीलदारों का तबादला किया गया है। ये तबादला आदेश रायपुर कलेक्टर द्वारा जारी किया गया है। जिन तहसीलदारों का तबादला किया गया है उनमें योति मसियारे को तिल्दा से आरंग, सीता शुक्ला को आरंग से अभनपुर, रामप्रसाद बघेल को अभनपुर से तिल्दा, विकांत सिंह राठौर को अभनपुर से गोबरानवापारा, राजकुमार साहू को गोबरानवापारा से भू-अभिलेख रायपुर (राजस्व प्रगति समीक्षा हेतु संलग्न), सृजन सोनकर को गोबरानवापारा से अतिरिक्त तहसीलदार, खोरपा, अभनपुर, प्रकाश सोनी को अतिरिक्त तहसीलदार, खोरपा, अभनपुर से अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर, सूर्यकांत कुंभकार को अधीक्षक, भू-अभिलेख रायपुर से अतिरिक्त तहसीलदार, खरोरा, लवन कुमार मण्डन को सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख रायपुर से नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा पदस्थ किया गया है।

## छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव का बनते हैं आधार:अरुण साव



**रायपुर, 30 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के भनपुरी स्थित पाटीदार समाज भवन में स्थानीय लोगों और युवाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 123वीं कड़ी का प्रसारण सुना। प्रधानमंत्री ने आज की मन की बात में देशवासियों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, देश-विदेश में बने कीर्तिमानों, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या के काले अध्याय जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। विधायक मोतीलाल साहू ने भी पाटीदार समाज भवन में मन की बात का प्रसारण सुना। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात सुनने के बाद कहा कि जीवन में छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दृष्टिकोण हम सभी को प्रेरित करता है। यदि हम नियमित रूप से छोटे लेकिन सार्थक कदम उठाएं तो समाज और देश में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज के कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित करने और देश की 64 प्रतिशत आबादी को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलने संबंधी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख किया है। ये उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए उठाए गए ठोस कदमों का प्रमाण है।

## स्वच्छता दीदियों का ड्राईविंग लाईसेंस बनाने 2 जुलाई को सियान सदन में शिविर

**कोरबा 30 जून।** नगर पालिक निगम कोरबा में ई-रिक्शों के माध्यम से डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों व स्वच्छता कामगारों का ड्राईविंग लाईसेंस बनाए जाने हेतु आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा आर.टी.ओ.कार्यालय के सहयोग से 02 जुलाई को घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के माध्यम से कार्य में संलग्न सभी स्वच्छता दीदियों का लाईसेंस बनाया जाएगा। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था की गई हैं तथा शत प्रतिशत घरों से प्रतिदिन डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य स्वच्छता दीदियों के माध्यम से कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र में वर्तमान में कुल 282 मेन्युअल व ई-रिक्शों की सेवाएं ली जा रही हैं, ई-रिक्शा के माध्यम से डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों व स्वच्छता कामगारों को किसी प्रकार की असुविधा कार्य के दौरान न हों, सड़क संबंधित सुरक्षा सुनिश्चित रहें, इसको ध्यान में रखते हुए उनका ड्राईविंग लाईसेंस बनाया जाना हैं, इस हेतु जिला परिवहन कार्यालय के सहयोग से निगम द्वारा घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में 02 जुलाई को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी स्वच्छता दीदियों से आवश्यक दस्तावेज लेकर उन्हें तत्काल लर्निंग लाईसेंस बनाकर दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री साय नन्हें बच्चों के बीच बैठकर स्मार्ट क्लास-रूम से हुए रू-ब-रू

## पढ़ाई ठीक से करना है न... मोबाइल ज्यादा नहीं देखना

**जशपुर, 29 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को जशपुर जिले के कांसाबेल के बगिया हाईस्कूल में नन्हें बच्चों के बीच बैठकर स्मार्ट क्लास-रूम से रू-ब-रू हुए। वे 'सम्पर्क स्मार्ट स्कूल' कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कक्षा तीसरी और चौथी की बालिकाओं के बीच बैठे और बड़ी आत्मीयता से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री साय ने बगिया में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली डॉली गुप्ता से उसका और उसके गांव का नाम पूछकर दुलारते हुए कहा, ÷पढ़ाई ठीक से करना है नज मोबाइल ज्यादा नहीं देखना÷। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाइल ज्यादा नहीं देखने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार संपर्क फाउंडेशन के सहयोग से जशपुर जिले के 50 प्राथमिक शालाओं में 'सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक'



कार्यक्रम संचालित कर रही है। शासकीय स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाने और कक्षा में सीखने की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत संपर्क फाउंडेशन सभी स्कूलों को निःशुल्क टीवी सेट और सम्पर्क टीवी स्मार्ट स्कूल किट प्रदान करेगा। राज्य शासन की इस पहल से करीब 3200 बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन स्कूलों में कार्यरत 120 शिक्षकों को टीचिंग-लर्निंग मटेरियल्स उपलब्ध कराने के साथ ही संपर्क की प्रभावी शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया में 'सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक' के शुभारंभ की सराहना करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों के सीखने की क्षमता को बढ़ाना है। 'स्मार्ट स्कूल्स, स्मार्ट ब्लॉक्स' कार्यक्रम स्कूलों में पढ़ना और पढ़ाना आसान बनाएगा। यह पहल बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करेगी। यह शिक्षकों को प्रशिक्षित कर शिक्षण प्रक्रिया को व्यवस्थित और सरल बनाएगी, जिससे क्लास-रूम में पढ़ाई बच्चों के लिए आनंददायक बन सके। ये संसाधन वैश्विक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित हैं, जो एससीईआरटी और निपुण भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है।

## नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए व्यापारियों को डस्टबिन वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ कचरा स्वच्छता मित्रों व दीदियों के हाथो में ही सौपे अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें

**अम्बागढ़ चौकी, 30 जून।** संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगरीय निकाय द्वारा नगर के दुकानदारो को डस्टबिन वितरण किया जा रहा है। व्यवासियो से अपील की जा रही है की वे अपने दुकान में निकलने वाले कचरा को सडक या खुले स्थानो में न डाले बल्कि इसके लिए डस्टबीन का उपयोग करते हुए अपना सूखा कचरा स्वच्छता दीदी या नगर पंचायत के स्वच्छता मित्रो के हाथो ही सौपे। अन्यथा कचरा फैलाए जाने पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की हो सकती है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर को साफ सुथरा रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा अप्रेल महीने से निरंतर मुहिम चलाई जा रही है। अभियान के तहत पहले नगरवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सबसे पहले नगर के स्वयं सहायता समूह से जुडी कार्यकर्ताओ को बैठक कर महिलाओ को इस अभियान से जोडा गया। इसके बाद नगर में प्रत्येक सप्ताह नगरवासियो को जोडकर स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। श्रमदान अभियान के तहत निकाय द्वारा नगर के मुख्य मार्गो गलियो च चौक चौराहो की साफ सफाई कर नगरवासियो को स्वच्छता अभियान से जुडने को प्रेरित किया गया। इसके बाद अब वार्डो एवं मोहल्ला वार साफ सफई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी स्वयं कर रहे है वे प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता मित्रो व दीदियो के साथ नगर भ्रमण करते हुए नागरिको को इस अभियान में सहयोग करने व नगर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान देने का आहवान कर रहे है।

## कृषि केंद्रों में मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य



■ दो कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। कृषि केन्द्रों में किसानों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। विकासखंड पलारी के निरीक्षक सूचिन कुमार वर्मा द्वारा ग्राम ओड़ान में संचालित अनिल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विक्रय में उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं उसकी मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा साहू कृषि केंद्र मोहतरा, का निरीक्षण किया गया।

## मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण की अनूठी पहल

**रायपुर, 28 जून।** सरगुजा जिले में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू.जल स्तर को बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर और जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनरेगा योजना के तहत जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तेज गति से जारी है। जनपद पंचायत उदयपुर के पांच पंचायतों में पलकाए फुलचूहीए रिखीए ललाती और केसमा इस महाभियान का केंद्र बनी हैं। यहां पहाड़ी ढलानों पर कुल 125 संरचनाएं बनाई जा रही हैंए जिनमें स्ट्रेगर ट्रेंचए कंटूर ट्रेंचए वाटर एब्जॉरप्शन ट्रेंचए लूज बोल्डर चेक डैमए गली प्लग और डबरी शामिल हैं। इन संरचनाओं का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ



जाने वाले पानी को रोकना और उसे धरती में समाहित कर भू.जल स्तर को बढ़ाना है।

इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक ळढ्ढस् तकनीक ;जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टमद्ध का उपयोग किया जा रहा है। ळढ्ढस् तकनीक की मदद से रिज टू वैली ;पहाड़ी की चोटी से घाटी तकद्ध सिद्धांत पर आधारित स्ट्रक्चर्स की प्लानिंग की गई है ताकि बारिश का पानी व्यवस्थित तरीके से संरचनाओं में एकत्र हो और अधिकतम जल संचयन हो सके।

**मिट्टी कटाव पर भी लगेगा अंकुश**-पूर्व में इन क्षेत्रों में वर्षाजल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिट्टी कटाव की समस्या उत्पन्न होती थी। अब इन संरचनाओं के निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा बल्कि मिट्टी कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा। इन संरचनाओं से नालों का बहाव धीमा होगा और पानी धीरे.धीरे भूमि में रिसकर भू.जल भंडार को समृद्ध करेगा।

**ग्रामीणों में उत्साहए प्रशासन को धन्यवाद**-इस महाभियान से ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य उनके गांवों की जल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इन कार्यों से आने वाले वर्षों में सिंचाईए पीने के पानी और पर्यावरण संरक्षण में बड़े बदलाव दिखेंगे।

## बोलेरो चालक ने 3 लोगों को रौंदा, एक की मौके पर हुई मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**बेमेतरा, 30 जून।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां देर रात मामूली विवाद के बाद युवक ने तीन लोगों पर चार पहिया गाड़ी चढ़ा दी। यह पूरा मामला साजा नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 का है। जानकारी के अनुसार, मामूली विवाद के बाद सनकी युवक ने अपनी बोलेरो गाड़ी को हथियार बना लिया और तीन लोगों पर जानबूझकर चढ़ा दी। बोलेरो चालक की पहचान मलवेंद्र बनर्जी के रूप में हुई है। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृत महिला की पहचान रतनू नेताम के रुप में हुई है, जबकि



दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

**घटना के बाद आरोपी फरार**-घटना के बाद आरोपी बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि, मृतक और आरोपी आपस में पड़ोसी थे। इस वीभत्स घटना से आक्रोशित सैकड़ो की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने देर रात साजा थाने का घेराव कर हंगामा किया और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मृत महिला के परिजन मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

**फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**-घायलों का सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र साजा में इलाज चल रहा। पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। फिलहाल साजा पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है और घटनास्थल की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, सौर ऊर्जा से संवरते सपने

**रायपुर, 30 जून।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पूरे देश की तरह बिलासपुर जिले के लोगों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रही है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि महंगाई के इस दौर में भारी-भरकम बिजली बिल से भी राहत मिल रही है। बिलासपुर की अशोक नगर निवासी श्रीमती अंजलि सिंह ने अपनी छत पर तीन किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इस सोलर प्लांट की कुल लागत एक लाख 85 हजार रुपए आई। इसमें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिली है।

## महापौर और आयुक्त ने शास्त्री बाजार अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का किया निरीक्षण

■ वाहन पार्किंग, यातायात, सफाई व्यवस्था तत्काल सुधारने दिए आवश्यक निर्देश

**रायपुर, 30 जून।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, पार्षद, नगर निगम जोन 4 और जोन 6 के सम्बंधित अधिकारियों सहित राजधानी शहर में शास्त्री बाजार और अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड का निरीक्षण कर वहाँ वाहन पार्किंग व्यवस्था, यातायात, सफाई व्यवस्था जनहित में सुधारने के सम्बन्ध में अधिकारियों क़ो आवश्यक निर्देश दिए. महापौर और आयुक्त



ने अधिकारियों को बैजनाथपारा मार्ग में एवरग्रीन चौक से चिकनी मन्दिर तक सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रही दुकानों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुख्य बाजार मार्ग को तुरंत कब्जामुक्त करवाने और प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर मार्ग को कब्जामुक्त रखे जाने के जनहित में आवश्यक निर्देश दिए हैं. महापौर और आयुक्त ने शास्त्री बाजार साइकिल स्टैण्ड में व्याप्त अव्यवस्था को तत्काल आवश्यक कड़ी कार्यवाही जनहित में करते हुए दूर करने निर्देशित किया है. महापौर मती मीनल चौबे ने कहा अंतर राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव और शास्त्री बाजार साफ- सुथरा दिखना चाहिए राजधानी शहर के शास्त्री बाजार और बस स्टैण्ड में प्रतिदिन बस यात्रा और सब्जी- फल खरीदने और अन्य कार्यों से पहुंचने वाले हजारों नागरिकों क़ो स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलना चाहिए. महापौर मती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने निगम के जनप्रतिनिधि पार्षदों और अधिकारियों सहित अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड भाठागांव की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर वहाँ लगाए जा रहे ठेलों, आबंटित दुकानों के दुकानदारों क़ो अपना व्यवसाय दुकान, ठेले की सीमा के भीतर सामान रखकर करने और ठेला, दुकान की सीमा के बाहर सामान रखने पर कड़ी कार्यवाही कर जनहित में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये.

समाचार संक्षेप

## वनमण्डल में वाहनचालक भर्ती प्रायोगिक परीक्षा के लिए 50 अंक निर्धारित

■ हल्के वाहन चालक के लिए 319 एवं भारी वाहन चालक के लिए 96 अभ्यर्थी पात्र

**बलौदाबाजार, 30 जून।** वनमण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत हल्के एवं भारी वाहन चालक भर्ती में प्रायोगिक परीक्षा हेतु कुल 50 अंक निर्धारित किया गया है जिसमें चालन टेस्ट हेतु 40 अंक एवं चालन सुरक्षा उपाय हेतु 10 अंक शामिल हैं। वनमण्डल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वनमण्डल बलौदाबाजार में हल्का वाहन चालक अनारक्षित मुक्त 2 एवं अनुसूचित जाति मुक्त 1 कुल 3 पद तथा भारी वाहन चालक अनारक्षित मुक्त 1 एवं अनुसूचित जाति मुक्त 1 कुल 2 पद पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। हल्का वाहन चालक हेतु 319 एवं भारी वाहन चालक हेतु 96 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। भर्ती हेतु हल्का वाहन चालकों से एच एवं भारी वाहन चालकों से टी आकर चालन टेस्ट लिया गया। टेस्ट के लिए कुल अधिकतम अंक 50 निर्धारित था जिसमें चालन टेस्ट हेतु 40 अंक एवं चालन सुरक्षा उपाय हेतु 10 अंक शामिल हैं।चालन टेस्ट में समस्त अभ्यर्थियों क़ो कुल 50 अंक के आधार पर नंबर दिये गए। मशीनी ज्ञान एवं यातायात नियमों का सामान्य ज्ञान परीक्षा में 40 अंक एवं अनुभव प्रमाण पत्र में 10 अंक। इसप्रकार भर्ती में कुल 100 अंक निर्धारित किया गया है। अनुभव प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस की वैधानिक स्थिति का मिलान कर अधिकतम 10 अंक निर्धारित किये गये हैं। अनुभव प्रमाण पत्र में हल्का या भारी वाहन का उल्लेख नहीं होने के कारण ड्राइविंग लाइसेंस के अनुसार हल्का या भारी वाहन चालन के लाइसेंस से 2 वर्ष का कार्यानुभव है उन्हें पात्र मानकर अंक दिये गए। पात्र सभी अभ्यर्थियों जिन्होंने हल्का या भारी वाहन चालन का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किये थे दोनों में अंक मान्य करते हुए अंक प्रदान किया गया।

## अवैध महुआ शराब बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 30 जून।** पुलिस अधीक्षक मती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकां योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है,



जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 29.06.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी सोनाखान की पुलिस टीम द्वारा ग्राम महकम में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सोनाखान में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## ग्राम गिधौरी में जुआ खेलते 3 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**बलौदाबाजार, 30 जून।** पुलिस अधीक्षक मती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकां योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है,



■ जुआरियों से नगदी रकम 10,020 एवं 52 पत्ती ताश किया गया जब्त

जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 28.06.2025 को थाना गिधौरी की पुलिस द्वारा ग्राम गिधौरी में जुआ खेलते हुए 03 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?10,020 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना गिधौरी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

## सीएम साय ने केन्द्रीय भंडार गृह परिसर का किया लोकार्पण



■ फॉरेस्ट टू फार्मेसी मॉडल को साकार करने की दिशा में सरकार की ऐतिहासिक पहल

**रायपुर, 30 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित आधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई एवं केन्द्रीय भंडार गृह परिसर तथा स्प्रेयर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप अंतर्गत निर्मित हर्बल एक्सट्रेक्शन इकाई का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। हमारी सरकार डेढ़ वर्षों से लगातार विकास की दिशा में अग्रसर है। तीन करोड़ जनता से किए गए वचनों को हम प्राथमिकता से पूरा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तीन नई हर्बल इकाइयों से लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है, जो हमारे लिए सौभाग्य का विषय है।

## संपादकीय

### लोकतंत्र में चर्चा तो हो सकती है

लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी सबको होती है। सब बोल सकते हैं, लिख सकते हैं किसी विषय पर चर्चा कर सकते हैं। किसी विषय में कोई फैसला करना हो तो उस विषय पर पूरे देश में चर्चा की जा सकती है,जनमत क्या है, जाना जा सकता है और बहुमत के आधार पर कोई फैसला किया जाता है तो इसे गलत नहीं कहा जाता है,गलत नहीं माना जाता है। इसे तानाशाही नहीं कहा जा सकता, इसे तानाशाही नहीं माना जा सकता। संविधान की प्रस्तावना में दो शब्द समाजवाद व पंथनिरपेक्षता आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन कर जोड़ दिए गए हैं तो संविधान संशोधन कर हटाए भी जा सकते हैं। इसे बिना विपक्ष के चर्चा के संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया था,यह तानाशाही कही जा सकती है।मानी जा सकती है। भाजपा व आरएसएस इसका विरोध करते रहे हैं कि दोनों शब्द संविधान में बिना चर्चा के जोड़े गए हैं, इसलिए इनको संविधान से हटाया जाना चाहिए। हाल ही में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा है कि इन दो शब्दों को संविधान की प्रस्तावना से हटाने पर विचार किया जाना चाहिए। उनका तर्क है कि यह दो शब्द संविधान की प्रस्तावना में शुरू में नहीं थे, क्योंकि बाबा साहेब इन दो शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में जोडऩे के खिलाफ थे।पं. जवाहरलाल नेहरू सहित कुछ नेता चाहते थे कि इन दो शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में रहना चाहिए। बाबा साहेब के विरोध के कारण इसे संविधान की प्रस्तावना में नहीं जोड़ा गया था।कोई नहीं कह रहा है कि इसे बिना विचार के हटा दिया जाए। सब यही कह रहे हैं कि इस पर विचार किया जाना चाहिए। पहले विचार हो उसके बाद जनमत इसे हटाने का बनता है तो इसे हटा दिया जाना चाहिए।संविधान के बार में विचार करने से या बदलाव करने से कोई संविधान या दलित विरोधी नहीं हो जाता है। ऐसा होता जिन दलों की सरकारों ने संविधान पर विचार कर संविधान में संशोधन किया है, सब संविधान व दलित विरोधी हो जाते। लोकतंत्र में विचार की आजादी है तो हर विषय पर विचार कर बदलाव किया जाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर और दुकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। जो लोग निवेश करने की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें थोड़ा समझदारी दिखाते हुए इन्वेस्टमेंट करना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोग बेहतर लाभ कमा सकते हैं, लेकिन आप किसी काम को लेकर नुकसान में आ सकते हैं, इसलिए आपको अपने डिसीजन मेकिंग को मजबूत करने की आवश्यकता है। जॉब कर रहे लोग अपने बॉस से रिश्तों को बेहतर बनाकर रखें, क्योंकि इसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ सकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको अपने जरूरी कामों को कल पर टालने से बचना होगा। परिवार में यदि किसी बात को लेकर कलह की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। आपको अपने किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। भाग्य के दृष्टिकोण से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको थोड़ा समझदारी दिखाते हुए कामों को करना होगा और आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। आपकी कोई डील फाइनल होते-होते रुक सकती हैं, जो आपकी परेशानियों को थोडा बढ़ा सकती है। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, लेकिन आपको कुछ अजनबी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपको धोखा दे सकते हैं। आपको ससुराल पक्ष से धन उधार लेने से बचना होगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो सकता है। आपकी सुख और समृद्धि बढ़ने से खुशी होगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**सिंह** आज आपको सोच समझकर कामों को करने की आवश्यकता है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले। आपको कामो में कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। बिजनेस कर रहे जातकों को अपने कामों में लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। आप किसी विरोधी की बातों में ना आएं। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थी कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का प्रमोशन यदि पेंडिंग चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपका अपने परिवार में किसी बात के लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में यदि किसी बात को लेकर मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर हो सकते हैं। सेहत को लेकर आपको कुछ उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे। आप किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें और अपने जरूरी कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। माताजी से आप परिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। आपकी कोई पुरानी गलती आपके लिए सिरदर्द बन सकती है। जीवनसाथी से आप संतान के करियर को लेकर कोई सलाह मशवरा ले सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप किसी बात को लेकर आपके सहयोगी आपको परेशान कर सकते हैं। आप अपने पिताजी से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय में मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद लंबे समय से चला आ रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनी रहेगी, लेकिन आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो आपको उसे समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आप अपनी आय को बढ़ाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। काम के सिलसिले में आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी किसी बात को लेकर सहयोगी परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। जल्दबाजी में आपको अपने निर्णय को लेकर पछतावा हो सकता है। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जो आपको खुशी देगी। आप अपनी वाणी पर संयम रखें। कार्यक्षेत्र में किसी वाद-विवाद की स्थिति को उत्पन्न होने से आप बचा सकते हैं। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपका कोई सहयोगी आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधा बढ़ेगी जो आपको खुशी देगी। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। आपको बिजली के उपकरणों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी परोपकार के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी मेहनत भी रंग लाएगी।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस


# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

ललित गर्ग

स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। 2025 की थीम है 'मास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो।



वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली



भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्ज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता।

हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें। दिमागी बीमारी के लिये न्यूरोलॉजिस्ट के पास जाने की सलाह दी जाती है। कई बार सही डॉक्टर से समय पर इलाज न मिलने की वजह से भी बीमारी और बढ़ जाती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मानवीयता जैसे सभी पहलुओं के माध्यम से रोगी की देखभाल करने एवं उनको स्वस्थ बनाने के लिए अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं वरदान है। डॉक्टर्स भगवान का रूप होते है, वे ही इंसान के जन्म के पहले साक्षी बनते हैं और उनमें करुणा एवं स्वस्थता का बीज बोते है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ हंसते हुए दे देते हैं, चाहे उनका अपना पारिवारिक सुख हो, करियर हो, जीवन की खुशियां हो या सपने हों, सबकुछ झोंक देते है।

डॉक्टर्स अपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं, समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, कोविड संक्रमण के दौरान डॉक्टर्स ही थे, जो एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ घंटों लगातार ड्यूटी कर रहे थे। कई डॉक्टर्स ने अपनी जान भी गंवा दी। इन डॉक्टर्स के बलिदान को भी आज के दिन याद किया जाता है। डॉक्टरों की सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे बीमारियों का निदान, उपचार और रोकथाम करते हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित होता है। वे आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक सहायता प्रदान करते हैं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाते हैं। डॉक्टर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में शिक्षित करते हैं, जिससे वे अपनी बीमारियों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उनका प्रबंधन कर सकते हैं। डॉक्टर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सहायता और उपचार प्रदान करते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य अभियानों और कार्यक्रमों में भाग लेकर समुदायों में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं और समाज के समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। आम दिन हो या महामारियों के खिलाफ जंग, ये डॉक्टर्स बिना किसी डर के सहजता और उत्साह से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। इसलिए नहीं कि यह उनका काम है और उसके लिए उन्हें पैसे मिलते हैं। इसलिए कि वे सबसे पहले दूसरों के स्वस्थ होने और उनकी जान की फिक्र करते हैं, ऐसी मानवीय सेवाएं देने वाले इन डॉक्टर्स रूपी अद्भूत फरिश्तों के सम्मान, कल्याण एवं प्रोत्साहन का चिन्तन अपेक्षित है। उससे निश्चित ही डॉक्टर्स की सेवाएं अधिक सक्षम, प्रभावी एवं मानवीय होकर सामने आयेगी।

# ईरान ने स्वयंभू 'विश्व विजेताओं' को दिखाया आईना

तनवीर जाफ़री

मध्य एशिया में मंडरा रहे युद्ध के बादल फ़िलहाल छंटते हुये नज़र आ रहे हैं। 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर अचानक बड़ा हमला कर दिया था। इन हमलों में ईरान के उच्चस्तरीय 20 कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां कीं। दोनों ओर से ड्रोन व मिसाइल की बौछार 12 दिनों तक होती रही। इस्राईल के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जब ईरान जैसे किसी देश ने धोखे से किये गये उसके हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जिसकी इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इस्राईल की जनता ने भी कभी कल्पना नहीं की होगी। इस्राईल बनाम ईरान संघर्ष में इस्राईल के वजूद से सम्बंधित कुछ बातें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। जर्मन तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर के उत्पीड़न के बाद यहूदी मुख्य रूप से 1930 के दशक से 1940 के दशक के बीच फ़िलिस्तीनियों की अनुकम्पा से यहाँ बसने लगे। इस दौरान, लगभग 2,50,000 यहूदी फ़िलिस्तीन पहुंचे थे । द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 के बाद, विशेष रूप से होलोकॉस्ट के बाद, 1945 से 1948 तक यहूदी प्रवास फिर से बढ़ा, और 1948 में इस्राईल की स्थापना के साथ यह प्रक्रिया और भी तेज़ हो गयी। चूँकि इस्राईल को अरब के इस क्षेत्र में बसाने में पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका व ब्रिटेन की दूरगामी सोच काम कर रही थी इसलिये इन देशों ने इसे भरपूर समर्थन देकर न केवल इनके फलने फूलने में इस्राईल की पूरी मदद की बल्कि क़ब्ज़े की इस ज़मीन पर अपने विस्तार के लिये की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयों में भी हमेशा इनके साथ रहे। इसी अमेरिकी समर्थन का नतीजा है कि इस्राईल गत दो वर्षों में ग़ज़ा के लगभग 80 हज़ार बेगुनाह व निहत्थे लोगों को मार चुका है।और उसकी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अभी भी जारी है। दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की ' बांटो और राज करो ' की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया-सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा । इसके अलावा 1979 में जबसे ईरान में अमेरिका परस्त शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का तख़्ता पलट हुआ और अयातुल्लाह रूहुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तभी से ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का भी सामना करता आ रहा है। इस अमेरिकी विरोध की वजह केवल यह थी कि अयातुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व वाली इस्लामिक क्रांति ने ईरान को न केवल पश्चिमी सभ्यता से मुक्त कर ईरानी सभ्यता पर चलने की राह हमवार की बल्कि ईरान की तेल सम्पदा को लेकर अमेरिकी मनमानी किये जाने के अमेरिकी सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। यही वजह थी कि अमेरिका ने ईरान के 1979 इस्लामिक क्रांति के बाद के शासन को 'कट्टरपंथी शासन ' कह कर संबोधित करना शुरू कर दिया। और पूरे विश्व में ईरान को लेकर यही धारणा बनाने की कोशिश भी की। उधर ईरान के अतिरिक्त इस्लामी जगत के लगभग सभी शेष देश पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका की आँखों का तारा बने रहे। इसी लिये अमेरिका ने बहरीन,कुवैत,यूएई,इराक़,सऊदी अरब,जॉर्डन जैसे अनेक देशों को ईरान का भय दिखा कर इन देशों की सुरक्षा करने के नाम पर यहाँ अपने सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। कई अमेरिकी युद्धपोत भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका यह सारी क़वायद केवल ईरान को घेरने की अपनी दूरगामी साज़िश के तहत करता आ रहा है। उधर ईरानी नेतृत्व जिसकी बागडोर उन शिया उलेमाओं के हाथों में है जिनकी प्रेरणा का मुख्य स्रोत हज़रत अली व उनके पुत्र हज़रत इमाम हुसैन का वह घराना है जिसने लगभग 1450 वर्ष पूर्व करबला (इराक़ ) में अपनी व अपने परिजनों की क़ुर्बानी देकर इतिहास में सुनहरे अक्षरों में रहती दुनिया तक के लिये यह लिख दिया कि दुश्मन चाहे जितना ताक़तवर क्यों न हो परन्तु यदि वह क्रूर है,अमानवीय है,असत्य और हिंसा पर चलने वाला है,अधार्मिक है तो ऐसे दुश्मन के आगे सिर्फ़ उसकी ताक़त से प्रभावित होकर झुकना 'अधर्म ' है। उस समय हुसैन ने यज़ीद की लाखों की सेना की परवाह नहीं की। जिसका नतीजा है कि आज पूरे विश्व में अली और उनके बेटे हुसैन का परचम लहराते देखा जा सकता है जबकि कोई मुसलमान अपने औलादों का नाम तक यज़ीद रखना पसंद नहीं करता। उसी करबला से प्रेरणा लेकर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह ख़ामनेई ने इतिहास में पहली बार वह कर दिखाया जिसकी दुनिया उम्मीद भी नहीं कर रही थी। ईरान की तरफ़ से इस्राईल पर इतने ज़बरदस्त जवाबी आक्रमण हुये कि यदि एक सप्ताह और युद्ध खिंचता तो संभवतः पूरा इस्राईल खंडहर में तब्दील हो जाता। उधर चतुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ईरानी आक्रामकता से भयभीत होकर अपनी इज़्ज़त बचाने के अवसर तलाशने लगे। दुनिया में कोई देश ऐसा नहीं जो इस्राईल व अमेरिका को एक साथ चुनौती देने का साहस रखता हो। वर्तमान समय की सच्चाई तो यही है कि जैसे इलाक़े के गुंडे के साथ खड़े होकर लोग अपने आप को भी सूरमा समझने लगते हैं उसी तरह अमेरिका का पिछलग्गू या उसका चाटुकार बनना भी दुनिया के अनेक देश अपना सौभाग्य समझते हैं। कुछ अमेरिकी शक्ति से प्रभावित होकर कुछ मधुर रिश्ते बनाये रखने की ख़ातिर तो कुछ व्यावसायिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र। परन्तु ईरान अकेला ऐसा देश है जिसने 46 वर्षों के लम्बे अरसे का अमेरिकी प्रतिबंध झेलने के बावजूद अपने आप को इतना मज़बूत कर लिया कि इस्राईल को अपना अस्तित्व ख़तरे में पड़ता नज़र आने लगा तो अमेरिका को अपनी झूठी आबरू बचाने की नौबत आन पड़ी।

बहरहाल,दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की ख़बर से पूरी दुनिया ने चैन की सांस तो ज़रूर ली है। परन्तु इस युद्ध विराम को लेकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा किये जा रहे भ्रामक दावों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामनई का बयान एक बार फिर ईरान के मज़बूत पक्ष व उसके बुलंद हौसलों की तस्वीर पेश करता है। आयतुल्लाह ने साफ़ साफ़ कहा है कि ईरान न तो "थोपी गई जंग" स्वीकार करेगा और न ही "थोपी गई शांति"। ईरान किसी तरह के दबाव के आगे नहीं झुकेगा और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप, ख़ासकर अमेरिका की सैन्य दख़लअंदाज़ी का कड़ा जवाब देगा। उन्होंने ने अमेरिका को साफ़ शब्दों में चेतावनी भी दी कि यदि वह इस्राईल-ईरान युद्ध में सैन्य हस्तक्षेप करता है तो उसे ऐसा नुक़सान झेलना पड़ेगा जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। "जंग का जवाब जंग से, बम का जवाब बम से, और हमले का जवाब हमले से" दिया जाएगा। यह बयान उनकी निडरता व उनके उस आक्रामक रुख़ को भी दर्शाता है, जिसमें उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ईरान किसी भी हमले का जवाब उसी स्तर पर देगा और किसी तरह की कमज़ोरी हरगिज़ नहीं दिखाएगा। ख़ामनई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के साथ साथ देश के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ़ भी हैं। और सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ़ होने के चलते ईरान के संविधान के अनुच्छेद 110 के तहत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामनेई को ही युद्ध या शांति की घोषणा करने का अधिकार हासिल है। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि ईरान ने विश्व विजेता समझने की ग़लतफ़हमी पालने वाले देशों को अपनी जवाबी कार्रवाई और भविष्य के इरादों से उन्हें आईना ज़रूर दिखा दिया है।



## सेहत

# मां बनने में मुश्किलें पैदा कर सकती हैं आपकी ये आदतें

अगर आपकी डाइट सही नहीं है और लाइफस्टाइल भी अनहेल्दी है, तो इसका सीधा असर आपकी एग क्वालिटी और फर्टिलिटी पर होता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे दूर रहने से आपके लिए मां बनने की राह आसान होगी। कई महिलाओं को कंसीव करने में काफी मुश्किलें आती हैं। लंबे समय से ट्राई करने के बाद भी मां बनना मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार पीरियड्स और ओव्युलेशन डेज ट्रैक करने के बाद भी प्रेग्नेंट होना भी टेढ़ी खीर बन जाता है। यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो इसके पीछे आपकी कुछ आदतें जिम्मेदार हो सकती है। प्रेग्नेंट होने के लिए लाइफस्टाइल और खानपान से जुड़े हेल्दी आदतों को अपनाना जरूरी है।

अगर आपकी डाइट सही नहीं है और लाइफस्टाइल भी अनहेल्दी है, तो इसका सीधा असर आपकी एग क्वालिटी और फर्टिलिटी पर होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे दूर रहने से आपके लिए मां बनने की राह आसान होगी।

**फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचा रही हैं ये आदतें**-अगर आप डाइट में प्रोटीन कम मात्रा में ले रही हैं, तो फर्टिलिटी पर इसका असर होता है। जिसके कारण इंसुलिन सेंसिटिविटी पर असर होता है। वहीं एग और स्पर्म दोनों की क्वालिटी प्रभावित हो सकती है। इसलिए फर्टिलिटी सुधारने के लिए महिला और पुरुष दोनों को ही प्रोटीन रिच डाइट लेनी चाहिए। बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन भी फर्टिलिटी पर असर डालता है। क्योंकि प्रोसेस्ड फूड्स में शुगर और ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ सकती है।

वहीं यदि आप सोने से पहले फोन का बहुत अधिक इस्तेमाल करती हैं, तो इसकी वजह से बॉडी में हैप्पी हार्मोन मेलोटोनिन कम होने लगता है। इसके कारण मेंस्ट्रुअल साइकिल पर असर होता है। वहीं योग और एक्सरसाइज न करने और लंबे समय तक बैठे रहने पर भी इसका असर आपकी फर्टिलिटी पर होता है। इससे बॉडी में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और ओव्युलेशन पर भी असर होता है। शारीरिक रूप से एक्टिव न होने की वजह से एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन के लेवल पर इसका असर पड़ता है। जिसकी वजह से कंसीव करने में मुश्किल होती है। अगर आप लंबे समय से स्ट्रेस में है, तब भी कंसीव करने में समस्या आ सकती है। इसकी वजह से एग क्वालिटी खराब हो सकती है और पीरियड्स में भी अनियमितता हो जाते हैं। इमोशनल ईटिंग भी बॉडी में एंड्रोजन और एस्ट्रोजन को प्रभावित करता है। इसकी वजह से भी महिलाओं को प्रेग्नेंट होना मुश्किल हो जाता है।

## सू-दोकू 95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# कोंडागांव-नारायणपुर स्टेट हाईवे बदहाल, जिम्मेदार विभाग बेखबर!





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 30 जून।** कोंडागांव से नारायणपुर को जोड़ने वाली स्टेट हाईवे सड़क इन दिनों खुद एक बड़ी समस्या बन चुकी है। गढ़बेंगाल के पास पहुंच मार्ग पर सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जहां पहले चौड़ी व व्यवस्थित सड़क थी, अब वहां केवल जोखिम भरी सवारी बची है। यह मार्ग सिर्फ एक सामान्य सड़क नहीं, बल्कि मालवाहक वाहनों, एम्बुलेंस, यात्री बसों और स्कूली बच्चों की दैनिक जरूरत का रास्ता है। साथ ही ओरछा और कोंडागांव जैसे मुख्य शहरों के लिए भी यही एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। बावजूद इसके, सड़क की इस दुर्दशा को नजरअंदाज करना कहीं न कहीं प्रशासनिक लापरवाही और लोक निर्माण विभाग की निष्क्रियता को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर रोजाना छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। खासकर बारिश के दिनों में जब गड्ढों में पानी भर जाता है, तो हादसों की आशंका और भी बढ़ जाती है। चिंताजनक यह है कि आए दिन सोशल मीडिया पर नागरिक इस सड़क की भयावह तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं, लेकिन विभागीय अफसरों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस मार्ग से गुजरने वाले भारी खनन ट्रक और मालवाहक गाड़ियां सड़क को और बदतर बना रही हैं। इसके बावजूद न तो इन पर कोई रोक है और न ही सड़कों की मरम्मत की कोई योजना दिखाई दे रही है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे लोक निर्माण विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। आम जनता की आवाज, हादसों के समाचार, सोशल मीडिया पर विरोध–सब कुछ होते हुए भी विभागीय मशीनरी कुंभकर्णी नींद में सोई है। अब समय आ गया है कि विभाग अपनी जिम्मेदारी समझे और तुरंत इस मार्ग की मरम्मत कर आम जनता को राहत पहुंचाए। क्योंकि सड़कें सिर्फ रास्ता नहीं, जनजीवन की धड़कन होती हैं–और जब वह खुद खतरे में हो, तो यह सवाल विभाग की संवेदनशीलता पर उठना स्वाभाविक है।

## एक नजर

### मंत्री नेताम ने केन्द्रीय सड़क परिवहन गडकरी से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर, 30 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विकास एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने आज नागपुर, महाराष्ट्र में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। मंत्री नेताम ने इस दौरान बताया कि निर्माणाधीन अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग कमांक-343 में कॉरीडोर योजना के लिए 397.44 करोड़ रुपये एवं 199.05 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री गड़करी से आग्रह करते हुए कहा कि यह मार्ग अम्बिकापुर से रामानुजगंज होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाला अंतर्राय़ीय मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से यात्री बसें, व्यावसायिक वाहन एवं आमजनों के आवागमन अधिक होने के साथ-साथ अति विशिष्टजनों का आवागमन भी होता है। इसी मार्ग पर बलरामपुर शहरी भाग स्थित है, जो कि जिला मुख्यालय है, जिसके दोनों ओर व्यवसायिक एवं आवासीय बसाहट है। सभी छोटे अथवा भारी वाहनों का आवागमन वर्तमान में शहरी क्षेत्र से होने के कारण आये दिन माल वाहकों से जाम की स्थिति एवं दुर्घटनाएं होती रहती है। मंत्री नेताम ने बताया कि बलरामपुर शहरी क्षेत्र में आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फोरलेन बायपास मार्ग अनुमानित लम्बाई 10 किलोमीटर की अत्यधिक आवश्यकता है।

### राम बिज़नेस जोन समिति ने किया भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

**रायपुर, 30 जून।** राम बिज़नेस ज़ोन समिति डूमरतराई द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय व्यापार परिसर में किया गया, जिसमें प्रमुख जनप्रतिनिधियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं दवा व्यवसाय से जुड़े वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रवलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात समिति के अध्यक्ष प्रभुदास नत्थानी द्वारा स्वागत भाषण एवं अध्यय उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय राय मंत्री तोखन साहू को मंत्री पद पर आसीन होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साहू जी ने अपने वक्तव्य में दवा व्यापारियों की सेवा भावना, अनुशासन और समाज में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी ने व्यापारियों को समाज की आर्थिक रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा घोषणा की कि सांसद निधि से 10 लाख की राशि राम बिज़नेस ज़ोन की सड़क निर्माण हेतु स्वीकृत की जाएगी। विधायक मोतीराम साहू जी ने अपने वक्तव्य में क्षेत्रीय व्यापारिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने की बात कही और 10 लाख की राशि देने की घोषणा की।

### राज्यपाल ने मुख्य सचिव जैन को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 30 जून।** राजभवन में आज सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मुलाकात की। अपने दीर्घ अनुभवों एवं राज्य के विकास में की गई अहम सेवाओं की जानकारी दी। राजभवन में विधायक पुरदंर मिश्रा एवं अनुज शर्मा तथा चेम्बर के नेता अमर परवानी ने भी सौजन्य मुलाकात की। धरसींवा के विधायक के विधायक अनुज शर्मा ने बताया कि कल खैरागढ़ इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय के कार्य परिषद की बैठक होने जा रही है। संगीत विश्वविद्यालय में स्थानीय भाषाओं एवं संगीत को प्रोत्साहन देने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। अनुज शर्मा विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य हैं। विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि गत दिनों राज्यपाल विप्र कॉलेज आए थे। समिति के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष अमर परवानी ने बताया कि राज्यपाल ने इलेक्ट्रानिक 3 पहिया वाहनों के प्रति रूचि दिखाई है। जी के इलेक्ट्रानिक कंपनी के करीब 3000 से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं। पद्मश्री उषा बारले ने भी राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सौजन्य भेंट की।

### बिजली पानी की समस्या, चक्काजाम प्रदर्शन के बाद प्रशासन की खुली नींद

**कोरबा 30 जून।** जिले के कटघोरा नगर में पानी और बिजली की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। शहीद वीर नारायण चैक पर हुए इस चक्का जाम में बड़ी संख्या में नगरवासियों के साथ भाजपा पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। नगर के विभिन्न वार्डों में पिछले कई दिनों से बिजली और जल आपूर्ति ठप पड़ी है। गर्मी और उमस के बीच नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। बिजली की अनियमित आपूर्ति और पीने के पानी की भारी किल्लत ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने दोनों ओर से सड़कों को जाम कर दिया, जिससे लंबी कतारों में गाड़ियाँ फँस गईं। छोटे वाहनों और दोपहिया को निकासी दी गई, लेकिन बड़े वाहनों को रोक दिया गया। इससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई और स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। भाजपा पार्षदों की अगुवाई में हुआ प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, अजय गर्ग समेत अन्य पार्षद भी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द बिजली और पानी की समस्या का समाधान किया जाए, वरना आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# एनएसयूआई की बैठक में विधानसभा घेरने का निर्णय

- ■ संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा, आंदोलन की रूपरेखा तय
- ■ राजीव भवन में हुई एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक,लिए गए कई निर्णय




**रायपुर, 30 जून।** शंकर नगर राजीव भवन में एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) की छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारीगण, सभी जिला अध्यक्ष एवं संगठन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करना तथा आगामी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करना रहा। विशेष रूप से 7 जुलाई को आयोजित होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ आगमन एवं कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। नीरज पांडेय ने कहा कि एनएसयूआई ने निर्णय लिया कि प्रदेश भर के छात्रों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी को ज़िम्मेदारी दी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक छात्रों को इस कार्यक्रम में शामिल करवाएं। इसके साथ ही, बैठक में छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर आने वाले समय में राज्यव्यापी आंदोलनों की रूपरेखा भी तय की गई। शिक्षा, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति, और महाविद्यालयीन समस्याओं को लेकर हस्ढ्ढ एक सशक्त जनआंदोलन चलाएगी, जिसकी विस्तृत रणनीति जल्द ही घोषित की जाएगी।

### वर्षा से धान की रोपाई कार्य में आएगी तेजी

**रायपुर, 30 जून।** मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि राजधानी सहित अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। वर्षा से रोपाई का कार्य में तेजी आने की संभावना है। राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र में हो रही हल्की वर्षा के कारण खेती कार्य में तेजी आ गई है। बुआई के पश्चात किसान थरहा लगाने की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में जमीर वर्षा हुई है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में कम वर्षा हुई है। कृषि एवं राजस्व विभाग के अनुसार इस समय धान की बुआई हुई है लेकिन थरहा नहीं लग पा रहा है, जिससे रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा बताया कि एक निम्न का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट के पास स्थित है।

### काश फाउंडेशन रक्त दान शिविर का आयोजन करेगा 2 को

**रायपुर, 30 जून।** रक्त अमृत एक जीवनदायिनी पहल को यथार्थ में परिवर्तित करने के लिए काश फाउंडेशन रायपुर द्वारा दो जुलाई को सुबह नौ से शाम चार बजे मध्य सचदेव धर्मशाला रमन मंदिर मार्ग फाफाडीह रायपुर में मेगा ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी काश फाउंडेशन की अध्यक्ष काजल सचदेव एवं रोटरी क्लब की प्रभजोत कौर ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में काजल ने बताया कि प्रदेश में 22 हजार से अधिक थैलेसीमिया एवं 6 हजार से अधिक सिकलसेल से पीड़ित बच्चे है जिनके लिए हर 15 दिन में रक्त बदलने की आवश्यकता पड़ती है।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान में 'चरण पादुका योजना' का पुनः शुभारंभः मुख्यमंत्री साय

- ■ स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक बनी चरण पादुका योजना



**रायपुर, 30 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के जामगांव में महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर 'चरण पादुका योजना' का पुनः शुभारंभ किया गया। प्रदेश के 12 लाख 40 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहक भाइयों-बहनों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार और स्थानीय समृद्धि में अमूल्य योगदान है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। 'चरण पादुका योजना' हमारे संकल्प पत्र ÷मोदी की गारंटी÷ का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस योजना के माध्यम से हम तेंदूपत्ता संग्राहकों के उस परिश्रम को नमन कर रहे हैं, जो जंगलों की पगडंडियों से होकर प्रदेश की समृद्धि तक पहुँचता है।

# कृषि विभाग ने किसानों को किया जैविक सुगंधित धान बीज वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 30 जून।** कृषि विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से ''जैविक सुगंधित बीज उत्पादन'' कार्यक्रम अंतर्गत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत सभागार में किया गया। इसका उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा, सुगंधित धान की पारंपरिक किस्मों (जैसे जावाफूल, नीमफुल, लोकटीमाछी आदि) के उत्पादन को प्रोत्साहन, किसानों को जैविक बीज एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में कुल 100 किसानों को जैविक सुगंधित धान के बीज वितरण के साथ-साथ उन्हें जैविक बीज उत्पादन की तकनीकी जानकारी भी दी गई। साथ ही बीज उत्पादन के बाद प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं ब्रांडिंग (जैसे आदिम) पर भी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जैविक खेती ही किसानों का भविष्य है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे रसायन मुक्त खेती की ओर बढ़ें और प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हमारे जिले दंतेवाड़ा का नाम रौशन करे। इसके अलावा जिपं उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने जिले में जैविक खेती के महत्व के समझा।

# शिविर से ग्रामीणों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

**दंतेवाड़ा, 30 जून।** जिले के विकासखण्डों में आयोजित हो रहे धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविरों के क्रम में विगत दिवस विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मेटापाल-1 में ग्रामीणों के लाभार्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन के अन्तर्गत राजस्व विभाग के 19 आवेदन, आधार कार्ड के 47 आवेदन, श्रम पंजीयन के 3, आयुष्मान कार्ड के 3, कृषि विभाग के 10, पशुपालन विभाग के 7, तथा राशन कार्ड के 2 आवेदनों पर शिविर स्थल में ही प्रभावी कार्यवाही की गई। इसके अलावा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण भी किया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की सीधी पहुंच मिल सकी। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हितग्राही प्रक्रिया के तहत इन योजनाओं से लाभ ले सकते हैं।

# चार दिन बाद खत्म हुई बेरोजगार युवाओं की हड़ताल





- ■ स्थानीय युवाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार का आश्वासन
- ■ 'एनएमडीसी भर्ती आंदोलन समाप्त, स्थानीय युवाओं ने की थी प्राथमिकता की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 30 जून।** एनएमडीसी किरंदुल बचेली दोनों परियोजनाओं के प्रमुख अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को लिखित अस्वाशन देने के बाद धरना स्थल पर डटे बेरोजगार प्रदर्शनकारी युवाओं ने खोला एनएमडीसी का प्रवेश द्वार पिछले 04 दिनों से एनएमडीसी की खनन एवं परिवहन पड़ी थीं ठप प्रोडक्शन बंद रहने से एनएमडीसी को रोजाना हो रही थीं करोड़ो रूपये की नुकशान लौह अयस्क परिवहन करने में लगी रेलगाड़ियों एवं ट्रकों की आवाजाही भी पूर्ण रूप से बंद थीं वहीं एनएमडीसी में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी सहित ठेका कर्मचारी एवं प्राइवेट कंपनियों में कार्यरत मजदूर भी हो रहे थे प्रभावित बेरोजगार युवा हड़तालियों के साथ साथ नेतृत्व करता क्षेत्त्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनएमडीसी किरंदुल बचेली दोनों परियोजना प्रमुखों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में लिखित अस्वाशन के बाद ही यह अनिश्चित कालीन धरना को स्थगित किया गया। ज्ञात हो की विष्व विख्यात नवरत्न कंपनी एनएमडीसी बचेली किरंदुल के दोनों परियोजना में विभिन्न पदों की होने वाली नियुक्तियो के लिए लाखों युवाओं ने आवेदन किया हैं। स्थानीय बेरोजगार युवाओ को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर बेरोज़गार युवकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन संयुक पंचायत दंतेवाड़ा के नेतृत्व में गुरुवार दिनाक 26 जुन प्रातः 04 बजे से हजारों स्थानिय बेरोजगारो द्वारा किरंदुल बचेली के दोनों परियोजनाओं के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था एवं परियोजना में चलने वाली सभी वाहनों को रोक दि गई थीं जिससे तीनो पालियों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी परियोजना क्षेत्र के भीतर प्रवेश नहीं कर पा रहें थे प्रोडेक्शन पूर्ण रूप से बंद हो चुकी थीं वहीं एनएमडीसी को रोजाना करोड़ो रूपये की नुकशान उठाना पड़ रहा था चार दिन की तनावपूर्ण माहौल बीतने के बाद रवीवार दिनांक 29 जून शाम 04 बजे खत्म हुई बेरोजगार युवाओं की हड़ताल प्रवेश द्वार खुली आवागमन हुई बहाल।

## दंतेवाड़ा में पांच शासकीय उचित मूल्य की दुकान का होगा आबंटन

- ■ 15 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

**दंतेवाड़ा, 30 जून।** कार्यालय अनुविभागीय से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विकासखण्ड दंतेवाड़ा अन्तर्गत ग्राम झिरका, मुस्केल, डेगलरास, कुन्देली, बासनपुर ग्राम पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आवंटन किया जाना है। अतः विकासखण्ड दन्तेवाड़ा अंतर्गत उपरोक्त ग्राम के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत से0 सह0 समिति आदि को सूचित किया गया है, कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्नक के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष बैंक खाते का स्टेटमेंट छाया प्रति, संस्था समूह के प्रस्ताव के छायाप्रति, संस्था के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं सचिव के आधार की छायाप्रति, संस्था, समूह के उपविधि की छायाप्रति के साथ दिनांक 15 जुलाई 2025 को शाम 05 बजे तक आवेदन पत्र अनुविभागीय कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## कृषि विज्ञान केन्द्रों की बैठक में वार्षिक प्रगति व कार्ययोजना की समीक्षा की गई

**दंतेवाड़ा, 30 जून।** प्राप्त सूत्रों के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा में विगत दिवस बस्तर, बीजापुर तथा सुकमा के कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा वर्ष भर किए गए कायों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना हेतु विभिन्न विभागों और हितधारकों से सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय जगदलपुर के डीन डॉ. आर एस नेताम मौजूद रहे एवं अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. एम.एन. हरीश एवं डॉ डी.पी. पटेल द्वारा की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा सहित दंतेवाड़ा, बस्तर तथा बीजापुर केन्द्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, द्वारा आगामी वर्ष 2025-26 प्रस्तावित गतिविधियों के साथ-साथ विगत वर्ष 2024-25 में किये गये कार्य योजनाओं के परिणाम तथा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में प्रक्षेत्र परीक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विस्तार गतिविधियों एवं किसान जागरूकता अभियानों का विवरण साझा किया गया। साथ ही सभी सदस्यों ने जलवायु अनुकूल खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु केंद्र के प्रयासों की सराहना की। बैठक में किसानों की आय वृद्धि, तकनीकी जानकारी के प्रभावी प्रसार एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय को और अधिक मजबूत करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उपरोक्त बैठक में उपसंचालक, कृषि विभाग, पी.आर. बघेल, कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एच.एस. तोमर, पशुपालन विभाग से डॉ. टेकेश्वर कंवर व डॉ भूपेन्द्र बघेल, मत्स्य पालन विभाग से रमेश टंडन सहित सभी वैज्ञानिक डॉ. परमानंद, डॉ. योगेश कुमार सिदार, डॉ. संजय सिंह राठौर, प्रक्षेत्र प्रबंधक मती मयूरी ठाकुर, टेक्नीकल स्टॉफ गुलशन वर्मा, परमेश सोरी, ज्योतिष कुमार तथा सुकमा जिले के प्रगतिशील कृषक मती ममता भारती, लच्छूराम, धरम नाग, सुक्खाराम नाग, महादेव मरकाम उपस्थित रहे।

## वित्त सेवा के अधिकारी निष्ठापूर्वक कार्यों का निर्वहन करें: चौधरी



- ■ 'सुनिधि' स्मारिका का किया विमोचन,नई वेबसाइट का हुआ शुभारंभ

**रायपुर, 29 जून।** वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी ने राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय अनुशासन को मजबूत बनाने में वित्त सेवा अधिकारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से अपने दायित्वों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने संघ द्वारा उठाई गई मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया। आमसभा की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव आर. एस. विश्वकर्मा ने की। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान समारोह से हुआ।

## विष्णु के सुशासन से बदल रही है स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर

- ■ संभाग के नक्सल प्रभावित जिलों में भी लोगों की पहुंच में हैं स्वास्थ्य सुविधाएं
- ■ चिकित्सक स्टाफ की नियुक्ति से बस्तर संभाग में मजबूत हुई है व्यवस्था



**रायपुर, 30 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन और स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल सामान्य क्षेत्रों में, बल्कि नक्सल प्रभावित जिलों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच में आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्क्क्र), राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान और मलेरिया मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों ने इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, मितानिनों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। बस्तर में घर-घर जाकर जांच, त्वरित उपचार और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ह्क्क्र) के तहत बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य संस्थानों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 1 जनवरी 2024 से 16 जून 2025 तक बस्तर संभाग में कुल 130 स्वास्थ्य संस्थाओं को क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। इनमें 1 जिला अस्पताल, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 113 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

## एक नजर

### निषाद समाज का इतिहास, योगदान गौरवशाली: डिप्टी सीएम विजय शर्मा



**महासमुंद 30 जून।** जिलास्तरीय निषाद समाज के वार्षिक सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने निषाद समाज के सामाजिक विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। सम्मेलन में महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भी समाज के उत्थान के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में गुंडरदेही विधायक श्री कुंवर निषाद, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू, श्री येतराम साहू, श्री रवि निषाद, श्री नेहरू निषाद सहित समाज के अनेक गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि निषाद समाज का इतिहास और योगदान अत्यंत गौरवशाली है, और सरकार समाज के हित में निरंतर कार्य करती रहेगी।सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने अपने संबोधन में निषाद समाज के योगदान को महत्वपूर्ण बताया और समाज की एकता व प्रगति के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक श्री कुंवर निषाद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ लोगों को किया जागरूक



**महासमुंद, 30 जून ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के विशेष योजना नालसा की योजना DAWN (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने बताया कि प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मागदर्शन पर नालसा की विशेष योजना DAWN (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ) प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू तथा आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा ग्राम अथवा ग्राम पंचायतों, हाट बाजारों में जाकर बैनर तथा जागरूकता थीम पर अधारित पाम्पलेट वितरण कर विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नालसा के डॉन योजना के तहत नशीली दवाईयों एवं नशा के दुष्परिणाम के प्रति जनमानस को जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नशे दुष्परिणाम एवं होने वाले शारीरिक एवं मानसिक क्षतियों के बारे में जानकारी हो सके।

### खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन पर चेन माउंटेन किया जब्त

**महासमुंद,30 जून ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 27 जून को संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कर्राडीह महानदी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेन वाहन को जप्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है।खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ों में है इसकी कीमत

# पैंगोलिन के 6 किलो स्केल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सरगुजा, 30 जून।**बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में वन विभाग को वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। अंबिकापुर रेंजर निखिल पैकरा के नेतृत्व में सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों के वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 किलो पैंगोलिन की स्केल जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी गई है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लीलाराम कुजूर (36 वर्ष, निवासी कुसमी) और लवंग साय (38 वर्ष, निवासी करूंधा) के रूप में हुई है। प्रारंभिक



जांच में सामने आया है कि यह तस्करी एक संगठित गिरोह के माध्यम से की जा रही थी, जिसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं। वन विभाग की टीमें अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं और पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए विस्तृत जांच जारी है।वन अधिकारियों के अनुसार, पैंगोलिन विश्व स्तर पर सबसे अधिक तस्करी किए जाने वाले स्तनधारियों में शामिल है। इसकी स्केल का उपयोग पारंपरिक औषधियों और दुर्लभ कलात्मक वस्तुओं के निर्माण में किया जाता है, जिससे यह अवैध व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। इसके संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सख्त नियम लागू हैं। वन विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला, अनिवार्य होगी 5वी-8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा, इस बार नहीं मिलेगी निजी स्कूलों को छूट

**रायपुर।** जिले के निजी स्कूलों को इस बार पांचवी-आठवीं की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। इसे लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा सत्र के आरंभ में ही आदेश जारी कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से पुनः पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं की शुरुआत की गई थी। केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित यह आदेश दिसंबर के बाद जारी हुआ। निजी स्कूल इसका विरोध करते हुए कोर्ट पहुंचे थे। उनका तर्क था कि केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित जानकारी सत्र के प्रारंभ में नहीं दिए जाने के कारण छात्रों की तैयारी इसके अनुरूप नहीं कराई गई है। इसके आधार पर उन्हें परीक्षा में शामिल होने से छूट दी गई थी।न्यायालय के आदेश पश्चात निजी स्कूलों के लिए व्यवस्था की गई कि वे अपनी इच्छानुसार केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हो सकते हैं अथवा स्वयं ही अपने छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। प्रदेशभर के कुछ निजी स्कूल ही जिले स्तर पर आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हुए थे। वर्तमान सत्र में पुनः इस तरह की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसलिए सत्र के प्रारंभ से ही केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी निजी व शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं के लिए सत्र के अंत में आयोजित होने वाली केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

#### अनुत्तीर्ण किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

बीते सत्र में हुई परीक्षा में 5वीं-8वीं के छात्रों के लिए यह व्यवस्था की गई थी कि यदि वे फेल हो जाते हैं तो भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। नए सत्र में उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। केवल केंद्रीकृत परीक्षा को सबके लिए अनिवार्य किया गया है।

केंद्रीकृत परीक्षा नहीं होने के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे निजी विद्यालय हैं, जिन्होंने मान्यता सीजी बोर्ड की ली हुई है लेकिन अपने यहां सीबीएसई का पाठ्यक्रम संचालित करते थे। केंद्रीकृत परीक्षा की घोषणा होने के बाद इन स्कूलों ने पिछले सत्र में परीक्षा से कुछ दिन पहले ही पालकों को सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम से परीक्षा होने की सूचना दी थी। इसका पालकों द्वारा विरोध भी किया गया था। कई स्कूलों की शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय में की गई थी। चूंकि अब केंद्रीकृत परीक्षा होगी, इसलिए छग बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने वाले विद्यालय को इसी बोर्ड में अध्यापन कराना होगा।

### सूर्य घर बिजली योजना से बिजली बिल शून्य आ रहा

**कांकेर, 30 जून ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल रही है। उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है जो पहली बार हो रहा है जो उनकी खुशियों की वजह बन गई है।

इस योजना ने कई परिवारों की आर्थिक और ऊर्जा जरूरतों को इस योजना ने पूरा किया है। समीप के ग्राम बरदेभाठा निवासी श्रीमती कांति गंजीर ने तीन किलोवॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट अपनी छत पर लगवाया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत छत पर ही बिजली घर बनाया है, जिससे विगत 03 माह से बिजली बिल शून्य आया है। इससे मिलने वाले अनुदान से बिजली को और भी किफायती बना दिया है और कई परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है।

# विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने तेजी से कार्य कर रही मोदी सरकार : उद्योग मंत्री

**कोरबा 30 जून।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि सन 2047 तक सम्पूर्ण विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तेजी से कार्य कर रही है, विगत 11 वर्षो में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास को जो रफ्तार दी है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटियों को अल्प समय में पूरा कर यह साबित किया है कि हमारी सरकार आमजनता की हितैषी सरकार है, उन्होने विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान दर्जनों जनहितैषी योजनाएं चालू की थी, जो पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दी थी, अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पुनः उन योजनाओं का क्रियान्वयन कर समाज के गरीब, निर्धन, बेसहारा, असहाय के साथ-साथ अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचा रहे हैं। उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कोहड़िया में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा एन.टी.पी.सी. के सी.एस.आर. मद से प्रदत्त राशि से वार्ड क्र. 18 कोहड़िया में 01 करोड़ 82 लाख 83 हजार रूपये की लागत से जर्जर डामरीकृत सड़कों का सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया है। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उक्त महत्वपूर्ण कार्य का लोकार्पण किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेन्द्र देवांगन के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बने 16 माह हुए हैं, इस अवधि में कोरबा जिले के लिए जिला खनिज न्यास मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत लगभग 400 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से अनेक कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कुछ प्रगति पर हैं तथा कुछ कार्यो की निविदा आदि की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होने कहा कि मैं कोरबा क्षेत्र की देवतुल्य जनता को यह विश्वास दिलाता हूँ कि कोरबा के समग्र विकास के लिए कभी कोई अवरोध नहीं आने दिया जाएगा तथा क्षेत्र की जनता की मांग एवं उनकी आवश्यकता के अनुरूप ही विकास कार्यो को गति व दिशा दी जाती रहेगी। पुनर्वास ग्रामों की समस्याओं पर त्वरित एक्शन लें प्रतिष्ठान - उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने एन.टी.पी.सी. सहित अन्य प्रतिष्ठानों के पुनर्वास ग्रामों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान पुनर्वास ग्रामों की समस्याओं पर त्वरित एक्शन लें, यह मेरा आग्रह भी है और निर्देश भी। उन्होने कहा कि पुनर्वास ग्रामों की समस्याओं के निराकरण एवं आवश्यकतानुसार वहाँ के समग्र विकास का कार्य प्रतिष्ठान सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि विस्थापित ग्रामों के नागरिकों का दर्द क्या होता है, यह वहीं व्यक्ति समझ सकता है जो इस दर्द से गुजरा हुआ हो, अतः इन ग्रामों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना प्रतिष्ठानों का नैतिक व सामाजिक दायित्व भी है। कोरबा में विकास पुरूष की छबि बनी है उद्योग मंत्री श्री देवांगन की - इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की छबि कोरबा में एक विकास पुरूष के रूप में निर्मित हुई है>

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**कोरबा,30 जून।** जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम बोतली में एक युवक की आत्महत्या की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक का नाम सांझी लाल राठिया (उम्र 19 साल) पिता रायसिंह राठिया है, जिसकी लाश उसके घर से 200 मीटर की दूरी पर मौजुद उसी के खेत के महुआ पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। चौंकाने वाली बात यह थी कि मृतक का दाहिना हाथ रस्सी से बंधा हुआ था, और यह रस्सी उसके शरीर के सहारे होकर पेड़ की शाखा से बंधी थी। शव की यह स्थिति सामान्य आत्महत्या के मामले से अलग प्रतीत होती है।घटना की सुचना पर करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद भी ली है। विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई साजिश है।जानकारी के मुताबिक, मृतक सांझी की मां का कुछ वर्ष पहले निधन हो गया, जिसके बाद वह परिवार की जिम्मेदारी और खेती-किसानी का पूरा भार अकेले संभाल रहा था। परिजनों के अनुसार, सांझी रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो वह कमरे में नहीं मिला। पहले उन्होंने सोचा कि वह खेत पर काम करने गया होगा, लेकिन कुछ ही देर में गांव के कुछ लोग जब जंगल की ओर डोरी तोड़ने जा रहे थे, तो उनकी नजर एक युवक के शव पर पड़ी जो महुआ के पेड़ से लटका हुआ था।रस्सी से बंधा हुआ था दाहिना हाथजब ग्रामीण पास पहुंचे तो पाया कि शव सांझी लाल राठिया का ही है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उसका दाहिना हाथ रस्सी से बंधा हुआ था, और यह रस्सी भुजा से होती हुई पेड़ की शाखा से बंधी थी। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हुआ, लेकिन शव की स्थिति देखकर हत्या की भी आशंका जताई गई।पुलिस को मृतक का मोबाइल फोन भी घटनास्थल से बरामद हुआ है। मोबाइल की जांच में पता चला है कि रात लगभग 3¬30 बजे युवक ने अपना स्टेटस अपडेट किया था, जिसमें उसने लिखा था आखिरी बार देख लो। इस स्टेटस को उसके दोस्तों ने भी देखा और उस पर प्रतिक्रिया दी थी।कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल के डिजिटल डेटा और संदिग्ध परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### यादव समाज का मुख्यमंत्री निवास घेराव 10 जुलाई को

**रायपुर, 30 जून ।** छत्तीसगढ़ में अपने हक और अधिकारों के लिए यादव समाज ने अब निर्णायक लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में, रायपुर राज और 17 पार की एक महत्वपूर्ण बैठक आज राज मुख्यालय, महादेव घाट, रायपुर रायपुरा में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 10 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय लिया गया जो। यह घेराव यादव समाज के साथ हो रहे कथित छल और उपेक्षा के विरोध में किया जा रहा है, विशेष रूप से गौ सेवा आयोग में यादव समाज की अनदेखी, तथा मंत्रिमंडल और नगर निगम जैसे महत्वपूर्ण निकायों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# छत्तीसगढ़ में अंधविश्वास:सुख-समृद्धि के लालच में भगवान पर चढ़ाया खून

**गरियाबंद,30 जून।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से एक अंधविश्वास का मामला सामने आया है. राजिम स्थित एक मंदिर में रविवार शाम ग्रामीण जब पूजा करने मंदिर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए. मूर्तियों पर अजीबों-गरीब ढंग से लगे खून को देखकर भक्तों में डर समा गया. इस घटना के बाद मंदिर प्रशासन ने राजिम



पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात लोगों द्वारा मंदिर को अपवित्र करने की कोशिश की गई है। शिकायत मिलने पर राजिम पुलिस ने मामला दर्ज किया और अज्ञात आरोपियों की जांच में जुट गई. विवेचना के दौरान राजिम पुलिस ने ग्राम देवरी निवासी 2 संदेहियों लीलाराम साहू और कामता प्रसाद को हिरासत में लिया. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि उन्होंने जानबूझकर देवी-देवताओं की मूर्तियों पर खून लगाया. इस घटना को अंजाम देने के पीछे का तर्क और भी चौंका देने वाला है।

# पीएम सूर्यघर योजना का बिजली बिल में दिख रहा असर

**रायगढ़, 30 जून।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को महंगे बिजली बिल से निजात दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल हैं। जिसमें हितग्राही अपनी छत पर सोलर पैनल के माध्यम बिजली उत्पादन कर अपनी आवश्यकता के बाद बचे सरप्लस बिजली को बेच कर आय भी अर्जित कर सकता है।

जिन लोगों ने इस योजना का लाभ लेकर अपनी छतों में सोलर पैनल लगवाए हैं उनके बिजली बिल में इसका असर साफ तौर पर देखा जा सकता है। रायगढ़ में रहने वाले रवि जायसवाल ने अपने घर पर दिसंबर माह में 3 किलो वाट का सोलर प्लांट लगवाया है। इसके लिए उन्हें बैंक लोन भी आसानी से मिल गया। आवेदन करने के बाद विद्युत विभाग ने जल्द उनके घर सोलर प्लांट लगवा दिया। योजना की सब्सिडी भी कुछ ही दिनों में खाते में आ गई। उन्होंने बताया कि पहले उनका बिल जो औसतन 3 से 4 हजार के बीच आता था, वो अब घट एक तिहाई से भी कम हो गया है। एक बार बिल माइनस में आया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार अपनी जिंदगी में बिजली का बिल माइनस में देखा है। उन्होंने कहा कि सोलर प्लांट की लंबी लाइफ है, एक बार इन्वेस्टमेंट कर आगे 25 सालों तक इस सोलर प्लांट से लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से यह योजना राहत तो देती ही है साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा के उद्देश्य



पूर्ति में भी काफी कारगर है। उन्होंने दूसरों को भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी जरूरत की बिजली छत पर बनाएं और सरप्लस बिजली बेच कर पैसे भी कमाएं।जैसा कि योजना का नाम पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना है, इसका उद्देश्य सौर ऊर्जा के माध्यम से हितग्राहियों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। यह किफायती बिजली पाने का सबसे प्रभावी तरीका है। केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी के बाद सोलर सिस्टम लगाने के बाद इसकी लागत भी काफी कम हो गई है। बैंको से भी कम दरों पर आसान मासिक किश्त के साथ लोन की सुविधा भी उपलब्ध है। ऐसे ले सकते हैं 300 यूनिट तक मुफ्त बिजलीयदि घरेलू उपभोक्ता का प्रतिमाह औसत खपत 300 यूनिट है तब उर्जा प्रभार, नियत प्रभार, ड्यूटी, सेस तथा वी सी ए, सब मिलाकर कुल 2160 रूपए प्रतिमाह बिजली बिल बनता है। अर्थात एक वर्ष का कूल औसत खपत 3600 यूनिट मान कर चले तो एक वर्ष का कुल बिजली बिल 25,920 रूपए के लगभग आयेगा। परन्तु यदि उपभोक्ता ने 3 किलो व्हाट का सोलर सिस्टम स्थापित कर लिया तो प्रति किलोवॉट, प्रतिदिन औसत 4 यूनिट उत्पादन के आधार पर सोलर सिस्टम से 3 किलोवॉट की क्षमता पर प्रतिदिन 12 यूनिट के आधार पर प्रतिमाह 360 यूनिट उत्पादन होगी। बारिश के मौसम में थोड़े कम उत्पादन को समायोजित करते हुए औसत उत्पादन को न्यूनतम मान कर 300 यूनिट प्रतिमाह मानते हैं तो एक वर्ष का उत्पादन 3600 यूनिट हो जाएगा। जिसमें दिन भर में उपभोक्ता के खपत के अतिरिक्त यूनिट सीधा आटोमेटिक बिजली विभाग के ग्रिड में एक्सपोर्ट हो जाएगा।

# संयुक्त टीम ने अवैध रेत परिवहन करते हुए 26 हाईवा पकड़े

**धमतरी 30 जून ।** धमतरी जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज सुबह जिले में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते 26 हाईवा पकड़े गए हैं। बरसते पानी में खनिज, राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई को जिले में अब तक की सबसे बड़ी और संगठित कार्रवाई बताया जा रहा है। जब्त किए गए सभी 26 हाईवा रूद्री स्थित कलेक्टोरेट परिसर में लाकर अभिरक्षा में रखे गए हैं भोयना, मथुराडीह और जंवरगांव मार्ग पर बरसात के मौसम का फायदा उठाते हुए बड़ी संख्या में अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। गिरते पानी में इन तीनों मार्गों पर जिला प्रशासन के स्क्वाड ने सड़क पर जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान 18 हाईवा बिना वैध पिटपास के रेत परिवहन करते पाए गए। जांच के दौरान 8 हाईवा ओवरलोड रेत परिवहन करते हुए भी पकड़ाए। सड़क पर अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई होते देख अन्य वाहनों की भी लम्बी लाईन लगी, जिसे पुलिस बल के माध्यम से हटाया गया और यातायात सुगम किया गया। जब्त किए गए सभी हाईवा मौके से कलेक्टोरेट परिसर लाए गए और प्रशासन की अभिरक्षा में रखे गए। बीते 24 घंटे से जारी लगातार बारिश बावजूद अवैध रेत परिवहन पर की गई यह कार्रवाई जिले में नियम विरूद्ध गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंसा की नीति को दर्शाती है।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी 30 जून ।** धमतरी जिले के सुदूर वनांचलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के परिवारों में बांस जल्द ही सुख-समृद्धि की हरियाली लेकर आएगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कमारों सहित जिले के अन्य जनजातीय परिवारों को भी बांस की खेती और बांस कला में निपुण किया जाएगा। इस अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को बांस की खेती के आधुनिक तरीके तो सिखाए ही जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें बांस कला का उन्नत प्रशिक्षण देकर कई सजावटी वस्तुएं बनाने, फर्नीचर और घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाने का भी प्रशिक्षण मिलेगा। बांस के बने उत्पादों को बेचने के लिए आदिवासी परिवारों को बाजार और विपणन के क्षेत्र में भी सहायता दी जाएगी। इसके लिए बांस विशेषज्ञों ने एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन कर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया है।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जनजातीय जीवन में बांस का अपना अलग महत्व है। बांस न केवल आजीविका के नये अवसर प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के गंगरेल और तुमराबाहरा में बांस की खेती के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में कमार परिवारों द्वारा बांस से बनाई गई सामग्रियों को उनके आर्थिक विकास से जोड़ने के लिए भी योजना तैयार की गई है।

# गोबरी नदी पर बना पुल जर्जर आते-जाते हुए डरते हैं ग्रामीण



**सूरजपुर,30 जून।** छत्तीसगढ़ में अब मानसून पूरी तरह से एक्टिव हो चुका है. लगातार हो रही बारिश से सूरजपुर में गोबरी नदी पर बना पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है. बारिश के चलते इसका बाउंड्री वाल भी टूटकर गिर गया. पुल में दरारें और धंसाव साफ नजर आ रहे हैं. इसके गिरने की आशंका बढ़ गई है. हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीण डर के साए में आवाजाही कर रहे हैं.बता दें, 2005 में तात्कालीन सीएम डॉ. रमन सिंह द्वारा इस पुल का लोकार्पण किया गया था. लेकिन अब 20 साल में यह पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है. करोड़ों रुपये की लागत से बना यह पुल ग्राम शिवप्रसाद नगर, डबरीपारा, भंवराही, बांसापारा समेत कई गांवों को सूरजपुर जिला मुख्यालय से जोड़ता है. ऐसे में इस कमजोर पुल के टूटने से लोगों के दुर्घटना के शिकार होने की संभावना है. साथ ही गांवों से सड़क संपर्क टूट सकता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है.ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में बच्चों की पढ़ाई, खेती-बाड़ी और जरूरी कामकाज के लिए भी इसी पुल पर निर्भर रहना मजबूरी है. लेकिन पुल की जर्जर हालत के कारण हर वक्त हादसे का डर बना हुआ है.ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मनोज यादव ने बदली व्यवसाय की दिशा



**महासमुंद, 30 जून।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और उद्यमशील नागरिकों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छोटे-मझोले उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करना, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को निर्धारित परियोजना लागत पर अनुदान और बैंकों के माध्यम से ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। इसी योजना के अंतर्गत महासमुन्द जिले के बसना विकासखंड के ग्राम सराईपाली निवासी श्री मनोज कुमार यादव ने योजना का लाभ लेकर अपने छोटे कम्प्यूटर कार्य केंद्र (च्वाइस सेंटर) को विस्तार देने का कार्य किया। पूर्व में सीमित संसाधनों के साथ संचालित यह व्यवसाय मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सहयोग से एक सफल स्वरोजगार इकाई में परिवर्तित हुआ है।मनोज यादव का पहले से एक छोटा-सा च्वाइस सेंटर था, जिसे वे लंबे समय से चला रहे थे। वे अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते थे, परंतु आर्थिक संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती थी। इसी बीच उन्हें ग्रामोद्योग विभाग, जिला पंचायत महासमुन्द द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। मनोज ने इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया और एक लाख रुपए की लागत पर परियोजना स्वीकृत हुई। इसमें से उन्हें 35 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ और शेष राशि का ऋण उन्होंने बैंक से प्राप्त किया। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने कम्प्यूटर सेंटर का विस्तार किया, आवश्यक उपकरण खरीदे और सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस योजना से मिले ऋण और अनुदान से न केवल उनका व्यवसाय बड़ा हुआ बल्कि उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने समय पर ऋण की किश्तें चुकाते हुए बैंक का पूरा ऋण अदा कर दिया है। आज वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्र के अन्य लोगों को भी डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।मनोज छत्तीसगढ़ शासन के इस अभिनव कार्यक्रम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। मैं शासन का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिसने मेरे जैसे सामान्य व्यक्ति को खुद का व्यवसाय खड़ा करने में सहायता की। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी योजनाएं युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन रही हैं।

एक नजर

### बुमराह को रेस्ट दिये जाने पर गंभीर और टीम मैनेजमेंट पर भड़के डिविलियर्स



**नइ दिल्ली, 30 जून (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 जुलाई 2025 से खेला जाएगा। बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले जाने वाले इस मैच में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे। लीड्स टेस्ट में मिली हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते इस सीरीज में पांच में से केवल तीन टेस्ट मैच खिलाए जाएंगे ताकि उनकी फिटनेस बरकरार रहे। टीम मैनेजमेंट और कोच के इस फैसले से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स खुश नहीं हैं। उन्होंने गंभीर और भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना करते हुए बुमराह के वर्कलोड को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने की सलाह दी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का उदाहरण पेश किया। एबी डिविलियर्स ने बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट पर गंभीर के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सर्वोच्च प्रारूप है और भारतीय टीम को इस महत्वपूर्ण सीरीज में बुमराह की सबसे ज्यादा जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरी राय में टेस्ट क्रिकेट खेल का सर्वोच्च प्रारूप है। मेरे विचार से बुमराह की सबसे ज्यादा जरूरत इस टेस्ट सीरीज में है और उन्हें सभी मुक़ाबले खेलने चाहिए। क्योंकि अभी यह युवा टीम है और उनके अनुभव की उन्हें ज़रूरत है।

### पंत की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने समरसाल्ट मारने पर पंत को दी चेतावनी


**नइ दिल्ली, 30 जून (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक के बाद समरसॉल्ट जशन मनाने वाले ऋषभ पंत को डॉक्टर की चेतावनी मिली है। डॉ का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां पंत के घुटनों और कमर पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे उनके पहले से कमजोर जोड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। डॉ. पारदीवाला का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां पंत के घुटनों और कमर पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे उनके पहले से कमजोर जोड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। बता दें डॉ. पारदीवाला वहीं डॉक्टर हैं, जिन्होंने दिसंबर 2022 में पंत के साथ हुए भयानक कार एक्सीडेंट के बाद उनकी सर्जरी की थी। दिनशॉ पारदीवाला ने द टेलीग्राफसे कहा, 'ऋषभ ने बचपन में जिम्नास्टिक सीखी है, इसके चलते वो फुर्तीले और लचीले हैं। 'कलाबाजी' एक परफेक्ट और अच्छी तरह से प्रैक्टिस की गई मूव है, लेकिन यह जरूरी नहीं है।' डॉ. पारडीवाला ने यह भी कहा कि ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वह उस कार एक्सीडेंट में जिंदा बच गए क्योंकि उस तरह के हादसे में मौत की आशंका काफी ज्यादा होती है।

**समरसॉल्ट का जोखिम:** समरसॉल्ट एक ऐसी गतिविधि है जिसमें शरीर हवा में उछलकर 360 डिग्री घूमता है और फिर जमीन पर लैंड करता है। यह न केवल शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि जोड़ों और मांसपेशियों पर भी भारी दबाव डालता है। खास तौर पर घुटनों और कमर जैसे संवेदनशील जोड़ों पर इसका असर पड़ता है। डॉ. पारदीवाला ने बताया कि अगर यह बार-बार किया जाए, तो पहले से चोटिल या कमजोर जोड़ों में दोबारा चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। एक गलत एंगल या खराब लैंडिंग से स्थिति और गंभीर हो सकती है, जिससे रिकवरी में लंबा समय लग सकता है।

# क्या एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे गिल

## यहां कभी टेस्ट नहीं जीती टीम इंडिया, 2 जुलाई से दूसरा मैच

**बर्मिंघम, 30 जून (एजेंसी)।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा। यह मुकाबला 2 जून से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा।






भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई।

भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रॉ मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मोहिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रॉ कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे।

### 8 प्लेयर्स के पास यहां खेलने का अनुभव, 11 खिलाड़ी नए

भारतीय टीम के 8 प्लेयर्स के पास यहां खेलने का अनुभव है। इनमें कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा औरर शार्दूल ठाकुर के नाम हैं। 11 प्लेयर्स ऐसे हैं, जिन्होंने इस मैदान पर मैच नहीं खेला है। 5 प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### कोहली टॉप स्कोरर, चेतन शर्मा को सबसे ज्यादा विकेट

वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

### इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज किया

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफअपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था। 3 साल पहले 2022 में खेले गए इस मैच में भारत ने 378 रन का विशाल टारगेट सेट किया था। जिसे इंग्लैंड ने 3 सेशन में हासिल कर लिया था। टीम ने चौथे दिन लंच के बाद दूसरी पारी में खेलना शुरू किया और 5वें दिन लंच से पहले जीत हासिल कर ली थी।

### टेनिस का सबसे पुराना टूर्नामेंट विम्बलडन

# नोवाक जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का प्रयास करेंगे, 1887 से ट्रॉफी नहीं बदली

**लंदन, 30 जून (एजेंसी)।** विम्बलडन में मेंस सिंगल्स चैम्पियन को कप और विमेंस सिंगल्स चैंपियन को चांदी की प्लेट की ट्रॉफी दी जाती है। टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन की शुरुआत आज से ऑल इंग्लैंड क्लब लंदन में हो रही है। 148 साल पुराने इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का यह 138वां संस्करण है। वर्ल्ड वार और 2020 में कोरोना महामारी के दौरान ही विम्बलडन का आयोजन ब्रेक हुआ है। इसे टेनिस के चार ग्रैंड स्लैम में सबसे प्रतिष्ठित भी कहा जाता है।

विम्बलडन साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम है। टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में यूएस ओपन होता है। यूएस ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच इस टूर्नामेंट में 25वां टाइटल जीतने का प्रयास करेंगे, लेकिन उनके सामने स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्काराज की चुनौती होगी। 22 साल के अल्काराज ने पिछले साल ग्रॉस कोर्ट पर खेले गए फाइनल मुकाबले में जोकोविच को मात दी थी।

**ऑल इंग्लैंड क्लब कराता है विम्बलडन:** विम्बलडन इकलौता ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसका आयोजन कोई नेशनल टेनिस एसोसिएशन नहीं करता है। इसे ऑल इंग्लैंड क्लब आयोजित करता है। क्लब की स्थापना 1868 में हुई थी। टेनिस पहले क्रॉकेट कहलाता था। 6 मेंबर्स ने मिल कर ऑल इंग्लैंड टेनिस और क्रॉकेट क्लब की शुरुआत की और फिर आगे चलकर इन्हीं ने 1877 में विम्बलडन टूर्नामेंट शुरू किया।



### कबूतर भगाने के लिए रखा स्पेशल बाज

कबूतर भगाने के लिए स्पेशल बाज रखा विम्बलडन में कबूतरों के भगाने के लिए बाज को रखा गया है। रूफस द हॉक एक हैरिस हॉक यानी स्पेशल बाज है, जिसे ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस और क्रोकेट क्लब ने कबूतरों को भगाने के लिए ही पाला है। हॉक को विम्बलडन परिवार का अहम सदस्य माना जाता है। रूफस पिछले 15 साल से सेवा दे रहा है। रूफस से पहले विम्बलडन में कबूतरों को भगाने का काम हामिश बाज करता था।



आज यह प्राइवेट क्लब है और इसमें 500 मेंबर हैं। प्रिंसेस ऑफ वेल्स इस क्लब की मालकिन रहती है। इस समय कैथरीन एलिजाबेथ मिडिलटन इसकी मालकिन हैं।

विम्बलडन में मेंस सिंगल्स चैम्पियन को कप और विमेंस सिंगल्स चैंपियन को चांदी की प्लेट की ट्रॉफी दी जाती है।

### विम्बलडन की परंपरा जो अटूट रही...

बॉल बॉय और बॉल गर्ल्स यहां के बॉल बॉय और गर्ल्स, इस चैम्पियनशिप को खास बनाते हैं। इन्हें BBG के नाम से जाना जाता है। 2005 से BBG 6 के दल में काम करते हैं, जिनमें से 2 नेट पर रहते हैं, 4 कोनों में रहते हैं। इनका काम बॉल को उठाकर खिलाड़ी तक पहुंचाना होता है। चैम्पियनशिप में BBG 1920-30 के दशक में देखे गए थे। इन्हें स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा नामित किया जाता है, हालांकि इन सभी को टेनिस के नियमों पर बेस्ड एक लिखित परीक्षा पास करनी होती है। खिलाड़ियों की ड्रेस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों को पूरी तरह से सफेद कपड़े पहन कर ही टेनिस खेलने की परमिशन है। 2022 में विम्बलडन के दौरान इस पर प्रोटेस्ट भी हुए। प्रोटेस्टर्स का कहना था कि महिलाओं के लिए पीरियड्स के दौरान सफेद कपड़ों में टेनिस खेलना चुनौतीपूर्ण रहता है। इसलिए व्हाइट ड्रेस कोड को हटाया जाए, लेकिन विम्बलडन अपने नियमों पर कायम रहा। इस बार भी खिलाड़ी व्हाइट ड्रेस में ही उतरेंगे। दर्शकों को स्ट्रॉबेरी-क्रीम वाइन सर्व की जाती है टूर्नामेंट में दर्शकों के स्ट्रॉबेरी और क्रीम के अलावा ब्रिटिश वाइन सर्व किए जाने की परंपरा है। घास के कोर्ट पर आयोजन 1877 में विम्बलडन की शुरुआत घास के कोर्ट पर हुई थी। पिछले 146 साल से यह प्रतियोगिता घास के कोर्ट पर हो रही है। चार ग्रैंडस्लैम में यह इकलौता है, जो ग्रास कोर्ट पर खेला जाता है। ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन हार्ड कोर्ट पर, जबकि फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट पर खेला जाता है।

# विलियम्स ने जिम्बाब्वे को फॉलोऑन से बचाया

## पहला टेस्ट :साउथ अफ्रीका 216 रन आगे, सिर पर बॉल लगने से बेनेट रिटायर हर्ट

**बुलवायो, 30 जून (एजेंसी)।** सीन विलियम्स ने शतकीय पारी खेलकर जिम्बाब्वे को बुलवायो टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। हालांकि, टीम रविवार को मैच के दूसरे दिन 216 रन से पिछड़ रही है। स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 49 रन बना लिए हैं। टोनी डी जोरी 22 और वियान मुल्डन 25 रन बनाकर नाबाद हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तनाका चिवंगा ने आउट किया। इससे पहले, जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में 251 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन की शुरुआत में साउथ अफ्रीका ने पहली पारी 418/9 के स्कोर पर डिक्लेयर की। ब्रायन बेनेट हेलमेट पर बॉल लगने के कारण रिटायर हर्ट हो गए। उन्हें प्रिंस मास्वाउरे (7) ने रिप्लेस किया




**जिम्बाब्वे की खराब शुरुआत:** 418 रन के जवाब में खेलने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही। टीम ने सिर्फ23 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। 28 रन के टीम स्कोर पर युवा ओपनर ब्रायन बेनेट (19) सिर पर गेंद लगने के कारण कन्कशन हो गए। उन्हें प्रिंस मास्वाउरे (7) ने रिप्लेस किया, लेकिन वे कुछ खास नहीं कर सके।

**विलियम्स-इरविन ने पारी संभाली :** 28 रन पर 3 बैटर्स के पवेलियन लौटेने के बाद नंबर-4 पर उतरे सीन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने जिम्बाब्वे की पारी को संभाला। लेकिन, 119 रन पर कप्तान इरविन 36 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान के आउट होते ही टीम के विकेट गिरने लगे। टीम ने 201 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे।

# हैरी केन के तूफानी प्रदर्शन से बेयर्न म्यूनिख क्वार्टर फाइनल में

### फ्लेमेंगो को 4-2 से हराया

**मियामी, 30 जून (एजेंसी)।** बायर्न ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली, एरिक पुल्गर ने अनजाने में अपने ही नेट में हेडर मारा और केन का डिफ्लेक्टेड ड्राइव पोस्ट से अंदर चला गया। गेर्सन के एक दमदार स्ट्राइक ने इस अंतर को आधा कर दिया, लेकिन लियोन गोरेट्जका ने ब्रेक तक बवेरियन को 3-1 से आगे कर दिया। हैरी केन के दो गोल की मदद से बेयर्न म्यूनिख ने हार्ड रॉक स्टेडियम में फ्लेमेंगो को 4-2 से हराया। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विन्सेंट कोम्पनी की टीम अब शनिवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगी। यह मुकाबला अटलांटा के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला जाएगा।



## व्यापार

### सपाट शुरुआत के बाद गिरे सेंसेक्स-निफ्टी

**नई दिल्ली, 30 जून (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सपाट शुरुआत हुई। हालांकि, थोड़ी देर में ही बाजार लाल निशान पर आ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 182.77 अंक गिरकर 83,876.13 पर और निफ्टी 46.25 अंक गिरकर 25,591.55 पर पहुंच गया। फिलहाल सेंसेक्स 300 से ज्यादा और निफ्टी 90 से ज्यादा अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे बढ़कर 85.48 पर पहुंचा। बैंक शेयरों में मुनाफावसूली के बीच चार दिन की तेजी के बाद सोमवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.77 अंक गिरकर 83,876.13 पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.25 अंक गिरकर 25,591.55 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक पिछड़ते नजर आए। ऐसे ही लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, स्टेट बैंक ऑफइंडिया और इटरनल हरे निशान पर दिखाई दिए। पिछले चार कारोबारी दिनों में सेंसेक्स 2,162.11 अंक या 2.64 प्रतिशत उछला था।




# दाल की कीमतों में आई कमी

## सालों बाद 100 रुपए के नीचे पहुंचा दाम, अरहर के साथ मटर के दाम भी गिरे

**रायपुर, 30 जून।** अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद सौ रुपए के अंदर पहुंची है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 110 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई है। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 100 रुपए और बहुत ज्यादा अच्छी क्वालिटी की कटनी की उपहार दाल 110 रुपए में मिल रही है। बीते साल के दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। ज्यादातर दालों के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

थोक कारोबारी गोविंद माहेश्वरी के मुताबिक, मटर के दाम बहुत कम हो गए हैं, क्योंकि इस पर आयात शुल्क में अगले साल मार्च तक केंद्र सरकार ने छूट दे दी है। मटर के दाम थोक में 36 से 38 और चिल्हर में 40 से 45 रुपए हैं। इसके दाम भी बीते साल सौ रुपए से ज्यादा थे। अमूमन हर घर, होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट में अरहर दाल ही ज्यादातर बनाई जाती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र और मप्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार हो गए थे दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 110 रुपए थी। बाद में इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दो सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था, जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।



### नई फसल से घटे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए, लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब जून के अंतिम सप्ताह में इसके दाम थोक में 90 से 105 और चिल्हर में 100 से 110 रुपए हो गए हैं। थोक में 105 रुपए वाली दाल कटनी की अच्छी क्वालिटी की उपहार दाल है, यह चिल्हर में 110 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 90 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 100 रुपए में मिल रही है।

### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 72 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 90 और चिल्हर में 110 रुपए, मूंगदाल थोक में 108-110 और चिल्हर में 120 रुपए है। इसकी फसल अगले माह आने वाली है, तब इसके दाम कम हो जाएंगे। देशी चना थोक में 60 चिल्हर में 70 रुपए में मिल रहा है। चना दाल थोक में 75-80 और चिल्हर में 90 रुपए किलो है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए में बिक रहा है।

### दुनिया की सबसे बड़ी एफडब्ल्यूए सर्विस प्रोवाइडर बनने की राह पर रिलायंस जियो

**नई दिल्ली, 30 जून, (एजेंसी)।** अमेरिका की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल को पीछे छोड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी बन सकती है रिलायंस जियो। सरल शब्दों में कहें तो घरों व दफ्तरों में उपलब्ध वाई-फाई सर्विस को FWA यानी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस कहा जाता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटिस ने रविवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया कि रिलायंस जियो के पास जून 2025 तक दुनिया के सबसे अधिक FWA ग्राहक होने की संभावना है।

टी-मोबाइल के आंकड़े बताते हैं कि मार्च 2025 में कंपनी के पास 68 लाख 50 हजार के करीब FWA ग्राहक थे। इसके मुकाबले भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के हालिया जारी आंकड़ों के मुताबिक मई माह में रिलायंस जियो के FWA ग्राहकों की तादाद 68 लाख 80 हजार को पार कर गई थी। जाहिर है अमेरिकी कंपनी ने भी अगले कुछ महीनों में नए ग्राहक जोड़े होंगे। परंतु रिलायंस जियो के ग्राहक जोड़ने की स्पीड कहीं ज्यादा है। मई माह में कंपनी ने करीब 7.5 लाख नए FWA ग्राहक अपने पोर्टफोलियो में जोड़े हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटिस का मानना है कि जिस स्पीड से रिलायंस जियो नए FWA ग्राहक जोड़ रही है उस स्पीड से जून 2025 तक वह अमेरिकी कंपनी टी मोबाइल को पीछे छोड़ देगी।




भारत में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल ही FWA सर्विस देती हैं। मई महीने में एयरटेल ने करीब 1 लाख 82 हजार नए ग्राहक जोड़े थे। कंपनी के FWA ग्राहक अब बढ़कर 15 लाख 40 हजार हो गए हैं। वोडाफोन आइडिया अभी FWA सर्विस नहीं देती है।

# हफ्ते के पहले ही दिन सोने में आई गिरावट

## जानिए क्या रह गया है 10 ग्राम गोल्ड का रेट

**नई दिल्ली, 30 जून (एजेंसी)।** शादियों का सीजन अब खत्म हो रहा है, इससे सोने की घरेलू डिमांड में कमी आई है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के चलते भी सोने की कीमतों में कमी आई है।

सोने की कीमतों में मामूली गिरावट देखने को मिल रही है।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के घरेलू वायदा भाव शुरुआती कारोबार में लाल निशान पर ट्रेड करते दिखाई दिए। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने का वायदा भाव सोमवार सुबह 0.02 फीसदी या 20 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 95,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा।



**सोने का वैश्विक भाव:** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में बढ़त देखने को मिल रही है। शुरुआती कारोबार में कॉमेक्स पर सोना 0.10 फीसदी या 3.30 डॉलर की बढ़त के साथ 3,290.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, सोने का घरेलू हाजिर भाव इस समय 0.22 फीसदी या 7.19 डॉलर की बढ़त के साथ 3,281.52 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

**चांदी का वैश्विक भाव:** चांदी की कीमतों में सोमवार सुबह मिला-जुला ट्रेंड देखने को मिला। कॉमेक्स पर चांदी का वैश्विक भाव शुरुआती कारोबार में 0.05 फीसदी या 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 36.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 0.51 फीसदी या 0.18 डॉलर की बढ़त के साथ 36.17 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

### इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम का दिखा असर

# किसानों की आय में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली, 30 जून (एजेंसी)।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि भारत के एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम ने न केवल कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता को कम किया है। बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि एथेनाल मिश्रण से किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

**किसानों को किया गया 1.18 लाख करोड़:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने एथनाल मिश्रण कार्यक्रम के तहत किसानों को 1.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। यह साफ दिखाता है कि इसका किस तरह के किसानों को फायदा हो रहा है।



**विदेशी मुद्रा भंडार में भी हुई बचत:** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम पहल ने कच्चे तेल के आयात में कटौती करके भारत को 1.36 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचाने में मदद की है।

**OFFICE OF DISTRICT EDUCATION OFFICER, NORTH BASTAR, KANKER, CHHATTISGARH**

NIT/ 1898/ DEO/ 2024-25 Date-28/06/2025

**// SHORT TERM TENDER NOTICE (Expression of Interest) //**

Sealed Tenders are invited from publishers/ authorized sellers for supply of New Books for Libraries of SELECTED 21 MODEL Schools, In District Kanker. Budget Required per School 2.5 lac. The bid document can be purchased from the Office of District Education Officer, Kanker during office hours upto 15th July 2025, 5:00 PM. Cost of bid document will be Rs. 2000/- in a form of Demand Draft in favour of District Education Officer, Kanker. Last date for submission of bid is 16th July 2025 upto 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM.

**District Education Officer**
**District North Baster, Kanker**

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी केंद्रों पर लापरवाही, 75000 क्विंटल सड़ा

## 2024-25 में खरीदे गए धान को समय पर उठाया नहीं गया

**रायपुर, 30 जून।** छत्तीसगढ़ में सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदा। वर्ष 2024-25 में खरीदे गए धान को समय पर उठाया नहीं गया। नतीजा यह हुआ कि धान बारिश में भींग कर सड़ गया। अकेले कांकेर के धान खरीदी केंद्रों में करीब 75,000 क्विंटल धान खुले में पड़ा भीग रहा है। अब धान पर भ्रष्टाचार का अंकुरण दिखाई देने लगा है। धान होकर खराब हो रहा है। चार महीने पहले धान खरीदी पूरी होने के बावजूद इसे गोदामों तक नहीं पहुंचाया गया, जिससे अब यह बर्बादी के कगार पर है।



### पिछले सत्रों में भी गड़बड़ी

केवटी धान खरीदी केंद्र में पिछले चार सत्रों में गबन के आरोप में कंप्यूटर ऑपरेटर को जेल भेजा जा चुका है। लेकिन असल समस्या सरकारी व्यवस्था की लापरवाही है, जो समय पर धान का उठाव सुनिश्चित नहीं कर पाती। नतीजतन, छोटे कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। यह मामला न केवल सरकारी लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि किसानों की मेहनत और सरकारी संसाधनों की बर्बादी को भी सामने लाता है। समय रहते कार्रवाई न हुई तो यह नुकसान और बढ़ सकता है।

### नियमों की अनदेखी धान का उठाव नहीं

सरकारी नियमों के अनुसार, 28 फरवरी तक धान खरीदी केंद्रों से गोदामों में धान पहुंच जाना चाहिए था। लेकिन लापरवाही के चलते धान अब भी खरीदी केंद्रों में पड़ा है। भानुप्रतापपुर के केवटी धान खरीदी केंद्र में तो हालात इतने खराब हैं कि स्थानीय लोग अंकुरित धान को थरहा के रूप में उखाड़कर अपने खेतों में रोपने के लिए ले जा रहे हैं।

### केंद्र प्रभारी डरे, जेल का खतरा

केवटी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी योगेश सोनवानी का कहना है कि उन्होंने इस समस्या से अधिकारियों और मिलर्स को बार-बार अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। केंद्र में अभी भी 11,000 बोरे धान पड़े हैं। सोनवानी ने बताया कि पिछले सत्रों में गड़बड़ी के आरोप में कर्मचारियों को जेल भेजा गया था।

### सांसद ने दी चेतावनी, होगी कार्रवाई

भाजपा सांसद भोज राज नाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि हजारों क्विंटल धान की बर्बादी की शिकायत मिली है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायत दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### रायपाल डेका ने मुख्य सचिव जैन को सेवानिवृति पर दी शुभकामनाएं



**रायपुर, 30 जून।** रायपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने सौजन्य भेंट की। रायपाल श्री डेका ने श्री जैन के आज सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उजवल भविष्य और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। रायपाल श्री डेका ने श्री जैन को राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### चाकू लेकर आतंक फैलाते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जून।** कबीरनगर पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हीरापुर शराब दुकान के पास दबिश देकर चाकू लहराते आरोपी अभिषेक उर्फ शुभम 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### दो बाइक आपस में भिड़ी दो युवकों की मौत

**रायपुर, 30 जून।** राजधानी रायपुर के नजदीकी खरोरा थाना क्षेत्र के सिर्री गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा सिर्री गांव के पास उस समय हुआ जब दो बाइकें तेज रफ्तार में एक-दूसरे से टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए तीसरे युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही खरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है, लेकिन पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

### सूने मकान से 4 बोरी धान पार

**रायपुर, 30 जून।** ग्राम छोटे उरला स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 4 बोरी धान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय टंडन 43 वर्ष ग्राम छोटे उरला का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर 4 बोरी धान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 30 जून।** अभनपुर स्थित सोनी मल्टी अस्पताल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोमलाल निषाद 35 वर्ष ग्राम शिपकोना पाटन दुर्ग का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 पीक्यू 0508 को अभनपुर के सोनू मल्टी अस्पताल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# दीपक बैज का आईफोन चोरी डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कसा तंज

## कहा- बैठक में उनके अपने लोग, संस्कार रखना चाहिए



**रायपुर, 30 जून।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन से बैठक के बीच पीसीसी चीफ दीपक बैज का मोबाइल चोरी हो गया. इसे लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस को नसीहत दी है. उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यालय में बैठक उनके अपने लोगों के बीच हो रही थी, तो मोबाइल कैसे गायब हुआ, इसका जवाब उन्हें खुद देना चाहिए. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पार्टी की अंदरूनी बैठक में पीसीसी चीफ का मोबाइल गायब होना बड़ी बात है. जब अंदर वे इस तरह की गड़बड़ कर रहे हैं, तो जरा सोचिए बाहर और कैसी-कैसी गड़बड़ करते होंगे. कांग्रेसियों को संस्कार रखना होगा.

खड़गे के दौरे को लेकर उपमुख्यमंत्री का बयान -उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के दौरे पर प्रतिक्रया दी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नहीं, बल्की बार-बार सनातनी परंपरा का अपमान किया है. हर एक मूल्यों का अपमान करने वाले व्यक्ति का कोई स्वागत नहीं किया जाएगा. उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की अमिताभ जैन की तारीफ-मुख्य सचिव अमिताभ जैन की विदाई पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उनकी सराहना की और कहा कि अमिताभ जैन एक बेहद सक्षम और कुशल प्रशासनिक अधिकारी हैं. उन्होंने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं. उनकी कार्यशैली, अनुभव और ज्ञान से राय को कई स्तरों पर लाभ मिला है.

### राधिका खेड़ा को लेकर बोले उपमुख्यमंत्री शर्मा

दीपक बैज के मोबाइल चोरी पर राधिका खेड़ा ने कांग्रेस मुख्यालय पर सवाल दागे. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि राधिका खेड़ा के साथ जो कुछ यहां हुआ था, वह वाकिये काफी बड़ा विषय था. इसकी शिकायत भी खुद उन्होंने की थी. लेकिन कांग्रेस आज भी प्रदेश कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने से बचते हैं. ऐसे में सवाल जरूर उठता है कि आखिर इसके पीछे क्या कारण है. उन्होंने आगे कहा कि विष्णुदेव की सरकार भविष्य में नया क़ानून लेकर आएगी, जिसके तहत सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा.

### काजोल और पृथ्वीराज स्टारर 'सरजमीं' का टीजर रिलीज

**मुंबई, 30 जून।** इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन की नई फिल्म 'सरजमीं' का टीजर सामने आया है। इस टीजर में तीनों कलाकारों की झलक देखने को मिली है। कहानी देश भक्ति और आतंकवाद से जुड़ी मालूम होती है। टीजर में सरप्राइज पैकेज के रूप में इब्राहिम अली खान नजर आए हैं। टीजर में इब्राहिम ने जबरदस्त बॉडी दिखाई है। उनका लुक टीजर रिलीज होते ही वायरल हो गया है। टीजर की शुरुआत सेना के कई जवानों से होती है, जो जंगल में किसी मुठभेड़ के दौरान हाथों में हथियार लिए नजर आते हैं। इसके बाद एक बड़ा सा धमाका होता है। इसके बाद काजोल की झलक दिखती है जो उदास नजर आती हैं। फिर दिखते हैं सेना की वर्दी में पृथ्वीराज सुकुमारन। 1 मिनट 30 सेकंड लंबे इस टीजर में सेना का एक्शन और जवान नजर आते हैं।



### रश्मिका मंदाना ने 'एनिमल' की आलोचनाओं पर तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'कुबेर' को लेकर चर्चाओं में हैं। इसके अलावा हाल ही में रश्मिका ने अपनी आगामी फिल्म का भी पोस्टर जारी किया था। जिसमें वो अब तक के अपने सबसे अलग तरह के किरदार में नजर आएंगी। इस बीच रश्मिका ने दो साल पहले आई सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने उन प्रतिक्रियाओं पर भी रिएक्ट किया जिनमें 'एनिमल' की आलोचना की गई थी।

## 200 करोड़ के करीब पहुंचे आमिर खान के फिल्म 'सितारे जमीं पर'

### काजोल-अक्षय का संडे को बिगड़ा पूरा खेल



**मुंबई, 30 जून।** जून में जिन तीन फिल्मों पर हर किसी का फोकस था, उसमें आमिर खान की सितारे जमीन पर पहले नंबर पर है. अब काजोल की मां और अक्षय कुमार-प्रभास की कनप्पा भी शामिल हो गई है. यूं तो अक्षय कुमार और काजोल की फिल्म को रिलीज हुए महज 3 दिन हुए हैं. पर आमिर के सितारों का दबदबा बना हुआ है. 10वें दिन पिक्चर ने इतने कमाए कि अक्षय-काजोल मिलकर भी पीछे रह गए. तीन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कितना रहा? जून में जितनी फिल्मी रिलीज हुई हैं, उनमें आमिर खान की सितारे जमी पर का भौकाल सबसे यादा टाइट है. फिल्म को रिलीज हुई 10 दिन कंप्लीट हो चुके हैं और 90 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंच गई है. वहीं तीन पहले अक्षय कुमार-प्रभास की 'कनप्पा' और अजय-काजोल की 'मां' भी रिलीज हुई थी. जिन्हें लेकर फैन्स को काफी उम्मीदें थीं, पर संडे का कुछ खास फायदा मिलता दिखा नहीं. दो फिल्मों का पहले संडे और एक फिल्म का दूसरे संडे को कैसा परफॉर्मेंस रहा, जान लीजिए. विष्णु मांचू की फिल्म को बड़ा बनाने की तमाम कोशिश की गई हैं. यही वजह है कि फिल्म में अक्षय कुमार को भगवान शिव और प्रभास को उनके रुद्र के तौर पर पेश किया गया.

## समाचार संक्षेप



मौनी रॉय ने शॉर्ट ड्रेस में शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, फैंस बोले- हॉट एंड फियरलेस।

### जयंती पर नमन



बाबा नागार्जन यानी आम जन के राग-विराग के लेखक. बाबा नागार्जुन यानी आम आदमी के सुख-दुख और करुणा के लेखक. बाबा नागार्जुन यानी आम जनता के नितांत अपने लेखक. बाबा नागार्जुन यानी ठेठ गंवई लेखक, जिन्हें पढ़कर ऐसा लगता है, हिंदुस्तान और हिंदुस्तानी संस्कृति का आम आदमी अपनी पूरी धज के साथ आपकी आंखों के आगे मौजूद है.

उनका जन्म 30 जून, 1911 को बिहार के मधुबनी जिले के सतलखा गांव में हुआ था। उनका असली नाम वैद्यनाथ मिश्र था, लेकिन वे साहित्य में नागार्जुन और मैथिली में यात्री नाम से लिखते थे

*कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास*
*कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास*
*कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त*
*कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त*
*दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद*
*धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद*
*चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद*
*कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद*

### अंबेडकर अस्पताल में डॉक्टरों पर मारपीट का आरोप

**रायपुर, 30 जून।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में है। इस बार जूनियर डॉक्टरों पर 2 युवकों ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं डॉक्टर्स ने कहा कि महिला स्टाफ से गाली-गलौज की गई। घटना का जानकारी के मुताबिक, रायपुर के अशोक नगर निवासी कैलाश शर्मा और पुरुषोत्तम शर्मा एक अज्ञात घायल युवक को सड़क हादसे के बाद समय पर इलाज दिलाने की मंशा से अंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। युवकों का आरोप है कि मारपीट करने वाला डॉक्टर महिला साथी डॉक्टर से बातचीत कर रहा था। जब उनसे इलाज से संबंधित सवाल किया, तो डॉक्टर मारपीट करने लगे। युवकों का आरोप है कि मारपीट करने वाला डॉक्टर महिला साथी डॉक्टर से बातचीत कर रहा था। जब उनसे इलाज से संबंधित सवाल किया, तो डॉक्टर मारपीट करने लगे। इलाज कराने के बाद जब उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर से पूछा कि फार्मेलिटी पूरी करके हमें जाने दो। आरोप है कि डॉक्टर ने युवक का गला दबा दिया और फिर अन्य जूनियर डॉक्टरों के साथ मिलकर युवकों की पिटाई कर दी।

# छत्तीसगढ़ में एक अगस्त से बढ़ सकती है जमीन की कीमत

## सात साल बाद लागू होगी नई गाइडलाइन

### 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है गाइडलाइन दर

रायपुर। प्रदेश में अचल संपत्ति और जमीन की सरकारी कीमतों यानी कलेक्टर गाइडलाइन दरों में एक अगस्त से बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। राय सरकार बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों में मौजूद अंतर को न्यूनतम करने की दिशा में सक्रिय हो गई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि गाइडलाइन दर 30 फीसदी तक बढ़ सकती है। इसके लिए 30 जून से सात जुलाई तक प्रदेशभर में प्रचलित बाजार दरों का भौतिक सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद एक अगस्त से नई दरें लागू की जा सकती हैं।






### सात साल बाद बदलाव की तैयारी

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में साल 2017 के बाद से गाइडलाइन दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जबकि नियमानुसार यह प्रक्रिया हर साल की जानी चाहिए। इस बार राय सरकार ने गाइडलाइन पुनरीक्षण के लिए सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। बाजार मूल्य की वास्तविकता को पकड़ने के लिए बैंकिंग संस्थाओं से भी संबंधित क्षेत्रों की संपत्ति दरों की जानकारी ली जा रही है।

### जमीनी हकीकत को परखेंगी टीमें

राय सरकार ने स्पष्ट किया है कि गाइडलाइन दरों को यथासंभव बाजार मूल्य के निकट लाने के लिए आंकड़ों का विश्लेषण दस्तावेजों और क्षेत्रीय निरीक्षण के आधार पर किया जाएगा। पटवारियों और तहसीलदारों के माध्यम से हर इलाके की रिहायशी कॉलोनियों, व्यावसायिक परिसरों और अन्य अचल संपत्तियों की जानकारी जुटाई गई है।

### बनाई गई है विशेष टीम

साल 2025-26 के लिए अचल संपत्ति की गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इसके तहत पांचों संभागों (रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा) के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों में उप महानिरीक्षक पंजीयन मदन कोर्पे, उषा साहू तथा संबंधित जिला पंजीयक और वरिष्ठ उप पंजीयक शामिल हैं।

### नए मापदंड से तय होंगी दरें

प्रस्तावित गाइडलाइन दरों के निर्धारण में स्पष्ट मापदंड अपनाए जा रहे हैं। रोड से लगी हुई संपत्तियों की दरें केवल रोड के आधार पर निर्धारित होंगी, रोड से अंदर की दरें तय नहीं की जाएंगी ताकि भ्रम की स्थिति न बने। वहीं 40 फीट से अधिक चौड़ाई वाली सड़कें मुख्य मार्ग मानी जाएंगी। कम चौड़ाई की सड़कें, यदि वे दो इलाकों को जोड़ती हैं, तो उन्हें भी मुख्य मार्ग की श्रेणी में रखा जाएगा।

# बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

### छत्तीसगढ़ के पांच नेता संभालेंगे चुनावी मोर्चा

**रायपुर, 30 जून।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति तैयार करने 58 ऑब्जर्वरों की सूची जारी कर दी है। सूची में छत्तीसगढ़ से 4 नेताओं को इसमें जगह मिली है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ऑब्जर्वर्स की सूची जारी की है। इसके मुताबिक, छत्तीसगढ़ से पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, विनोद चंद्राकर, संगठन से जुड़े दीपक मिश्रा और वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल का नाम शामिल है।

### बूथ मैनेजमेंट और कार्यकर्ता एकजुटता पर रहेगा फोकस

इन पर्यवेक्षकों को खासतौर पर बूथ मैनेजमेंट को बेहतर करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना होगा। पार्टी हाईकमान ने यह जिम्मेदारी इन नेताओं को उनके पिछले चुनावी अनुभव और सांगठनिक पकड़ को देखते हुए सौंपी है।

### महागठबंधन में अहम भूमिका निभाएंगे ऑब्जर्वर

गौरतलब है कि कांग्रेस बिहार में महागठबंधन का हिस्सा है। ऐसे में आगामी चुनाव में सीटों के तालमेल, उम्मीदवारों के चयन और प्रचार रणनीति के निर्धारण में इन पर्यवेक्षकों की भूमिका बेहद अहम होगी।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26